प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



महिला आरक्षण बिल का विरोध- मुलायम के नक्शेक़दम पर अखिलेश पेज- 2

पूर्व सीएम के बयान के बाद मुस्लिम समाज ने फूंका पुतला पेज-6

वर्ष : 15 अंक : 120 | मंगलवार 21 अप्रैल 2026 | डाक पंजीयन संख्याः एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 08 मूल्य 5.00 रुपया

## तमिलनाडु की रैली में राहुल बोले-भाजपा के सामने अन्नाद्रमुक का सरेंडर,आरएसएस को भी घेरा

(एजेंसी) चेन्नई तमिलनाडु की सियासत चुनावी उबाल पर है और सत्ता की जंग अब खुली टक्कर में बदल चुकी है। जैसे–जैसे मतदान की घड़ी करीब आ रही है, आरोपों और पलटवार की धार और तेज होती जा रही है। इसी क्रम में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कन्याकुमारी की रैली से भाजपा और आरएसएस पर तीखा हमला बोलते हुए राजनीतिक तापमान और बढ़ा दिया। उन्होंने एआईएडीएमके पर सीधे भाजपा के सामने समर्पण (सरेंडर) करने का आरोप जड़कर सत्ता समीकरणों को चुनौती दी है, जिससे राज्य की राजनीति में नई हलचल मच गई है। पूरी बात को ऐसे समझिए कि कन्याकुमारी में रैली के दौरान राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि एआईएडीएमके के नेताओं ने भ्रष्टाचार के कारण भाजपा के सामने समर्पण कर दिया है। राहुल गांधी ने कहा कि राज्य में भाजपा अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए एआईएडीएमके का इस्तेमाल कर रही है। दूसरी ओर अपने संबोधन में राहुल गांधी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आरएसएस द्रविड़ विचारधारा को पसंद नहीं करता और तमिलनाडु पर अपना नियंत्रण स्थापित करना चाहता है। उनके मुताबिक, तमिलनाडु की पहचान, भाषा और संस्कृति को बचाने के लिए इस विचारधारा को समझना जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा सीधे तौर पर तमिलनाडु में मजबूत नहीं हो पा रही है, इसलिए वह एआईएडीएमके के जरिए राज्य की राजनीति में प्रवेश करने की कोशिश कर रही है।



## प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति ली जे म्युंग संग की बैठक

### -द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर जोर, कहा-हम नए आयाम स्थापित करेंगे।

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग ने सोमवार को यहां द्विपक्षीय मुद्दों पर व्यापक वार्ता कर दोनों देशों के संबंधों को भविष्योन्मुखी साझेदारी में बदलने का संकल्प लिया और कहा कि भारत तथा दक्षिण कोरिया के बीच के ये संबंध प्रौद्योगिकी, व्यापार और हिंद–प्रशांत क्षेत्र में साझा रणनीतिक हितों पर आधारित होंगे। बैठक के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आठ वर्ष बाद दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति की यह भारत यात्रा, अत्यंत महत्वपूर्ण है और दोनों देशों के बीच के गहरे तालमेल को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्य, बाजार अर्थव्यवस्था और कानून के शासन के प्रति सम्मान दोनों देशों की मूल पहचान का हिस्सा है और हिंद–प्रशांत क्षेत्र को लेकर भी दोनों देशों का दृष्टिकोण समान है। भविष्य की रूपरेखा को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि दोनों देश विश्वसनीय साझेदारी को भविष्योन्मुखी साझेदारी में बदलने को तैयार हैं। इन सबके



आधार पर, पिछले एक दशक में हमारे संबंध अधिक गतिशील और व्यापक हुए हैं। उन्होंने कहा, चिप्स से जहाज निर्माण, प्रतिभा से प्रौद्योगिकी और मनोरंजन से ऊर्जा तक हम सभी क्षेत्रों में सहयोग के नए अवसरों को साकार करेंगे। आज हम अगले दशक की सफलता की कहानियों की नींव रख रहे हैं। बैठक की प्रमुख उपलब्धियों का विवरण देते हुए उन्होंने कहा कि इसमें भारत–कोरिया डिजिटल सेतु की घोषणा महत्वपूर्ण है जिसका उद्देश्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमी कंडक्टर और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करना है। दोनों देशों ने व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते को उन्नत कर 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया जो पिछले वर्ष 25.7 अरब डॉलर था। आधिकारिक सूचना के अनुसार यह बैठक पीएम मोदी और ली के बीच तीसरी आमने–सामने की मुलाकात थी, जो द्विपक्षीय संबंधों में तेजी को दर्शाती है। इस दौरान जहाज निर्माण, उभरती प्रौद्योगिकियों और लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने जैसे क्षेत्रों में कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। वैश्विक चुनौतियों के संदर्भ में मोदी ने कहा कि यह साझेदारी व्यापक महत्व रखती है और दोनों देश मिलकर शांति और स्थिरता का संदेश देते हैं। उन्होंने दक्षिण कोरिया के अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन और हिंद–प्रशांत महासागर पहल में शामिल होने के निर्णय का स्वागत किया। इससे पहले 19 से 21 अप्रैल तक की तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर भारत पहुंचे राष्ट्रपति ली का राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी ने उनका औपचारिक स्वागत किया। उन्होंने राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। यह यात्रा भारत और दक्षिण कोरिया के बीच बहुआयामी साझेदारी को और गहरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है, जो साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, आर्थिक पूरकता और हिंद–प्रशांत क्षेत्र में बढ़ते रणनीतिक सहयोग पर आधारित है। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग से मुलाकात के बाद, पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, हम अगले दशक की सफलता की कहानियों की नींव रख रहे हैं. एआई, सेमीकंडक्टर और सूचना टेक्नोलॉजी में साझेदारी को गहरा करने के लिए हम भारत–कोरिया डिजिटल ब्रिज शुरू कर रहे हैंष हम जहाज निर्माण, स्थिरता, स्टील और बंदरगाहों जैसे क्षेत्रों में एमओयू पर हस्ताक्षर कर रहे हैं। सांस्कृतिक और रचनात्मक उद्योगों में सहयोग के माध्यम से, हम फिल्म, एनिमेशन और गेमिंग के क्षेत्र में भी नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे। आज का व्यापार फोरम इन अवसरों को ठोस परिणामों में बदलने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा।

## छत्तीसगढ़ः जशपुर की पहाड़ियों से टकराया प्राइवेट विमान, जांच में जुटा प्रशासन

(एजेंसी) जशपुर। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले से एक बड़ी और दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां पर जशपुर जिले के नारायणपुर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली आरा पहाड़ियों में एक निजी विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जानकारी के अनुसार यह एक चार्टर्ड प्लेन था जो रतनपहली के घने जंगलों में पेड़ों और पहाड़ियों से जा टकराया। प्लेन के टकराने से एक जोरदार धमाका हुआ और चंद ही मिनटों में आग लपटें उठने लगीं। आसमान में धुएं का काला गुबार दूर–दूर तक देखा गया, जिससे पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों इस घटना की सूचना पुलिस को दी।

## दिल्ली आबकारी नीति मामले में हाईकोर्ट ने स्वीकार की अरविंद केजरीवाल की अर्जी, तुषार मेहता ने जताई आपत्ति

(एजेंसी) नई दिल्ली। दिल्ली शराब नीति से जुड़े कथित घोटाले के मामले में सोमवार को दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश हुए और खुद अपनी दलीलें रखीं। अदालत ने उनकी अर्जी स्व्वीकार कर ली है। सुनवाई के दौरान केजरीवाल ने कोर्ट से कहा कि उन्होंने जो रिजॉइंडर (जवाबी हलफनामा) दाखिल किया है, उसे रिकॉर्ड पर लिया जाना चाहिए। अगर ऐसा नहीं किया गया तो यह न्याय के साथ अन्याय होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनकी बात पूरी तरह सुनी जानी जरूरी है और सभी दस्तावेजों को रिकॉर्ड में शामिल किया जाना चाहिए। इस पर सुनवाई कर रहीं जस्टिस स्वर्णा कांता शर्मा ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि केजरीवाल को इस तरह की बात नहीं कहनी चाहिए। जस्टिस शर्मा ने बताया कि कोर्ट ने पहले ही नियमों से



हटकर उनका अतिरिक्त हलफनामा रिकॉर्ड पर लिया है, क्योंकि वे खुद अपनी बहस रख रहे थे। उन्होंने यह भी कहा कि यह कोई असाधारण मामला नहीं है, बल्कि एक सामान्य केस है जैसा बाकी मामलों में होता है। जस्टिस शर्मा ने स्पष्ट किया कि कोर्ट की प्रक्रिया सभी के लिए समान होती है और किसी एक व्यक्ति के लिए नियम नहीं बदले जा सकते। उन्होंने कहा कि ऑर्डर रिजर्व करने के बाद भी अतिरिक्त हलफनामा रिकॉर्ड पर लेना अपने आप में एक अपवाद था। वहीं, केंद्र सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भी केजरीवाल की मांग का विरोध किया। उन्होंने कहा कि 13 अप्रैल को केजरीवाल खुद कोर्ट में आए और करीब एक घंटे तक बहस की। उस समय किसी ने इसका विरोध नहीं किया, लेकिन जब उन्हें बताया गया कि उसी दिन सुनवाई पूरी हो सकती है, तो वे वहां से चले गए। मेहता ने आगे कहा कि जब कोई मामला कोर्ट में फैसला सुरक्षित हो जाता है, तो उसके बाद नई दलीलें या दस्तावेज रिकॉर्ड पर नहीं लिए जाते। यह नियम पूरे देश की अदालतों में लागू होता है। उन्होंने यह भी कहा कि लिखित दलीलों का जवाब देने का कोई अलग प्रावधान नहीं होता और केजरीवाल को वही प्रक्रिया अपनानी चाहिए जो हर आम व्यक्ति अपनाता है। इस बीच, एक और अहम पहलू यह है कि केजरीवाल ने जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा से इस मामले की सुनवाई से अलग होने की मांग भी की है। इस पर कोर्ट ने फिलहाल फैसला सुरक्षित रख लिया है और बताया है कि इस अर्जी पर शाम करीब 4.30 बजे निर्णय सुनाया जाएगा।

## खरगे का पलटवार, पीएम मोदी ने खुद खत्म किया महिला आरक्षण, विपक्ष ने तो सिर्फ परिसीमन का विरोध किया

(एजेंसी) नई दिल्ली। मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ही 2029 से विधायिकाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण लागू करने वाले संविधान संशोधन विधेयक को खत्म कर दिया, जबकि विपक्ष ने केवल परिसीमन विधेयक का विरोध किया था। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के लिए प्रधानमंत्री के व्यापक प्रचार कार्यक्रम पर तंज कसते हुए उन्होंने सवाल किया कि क्या मोदी राज्य के मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं। लोकसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने से जुड़ा विधेयक खारिज होने पर प्रधानमंत्री द्वारा कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों



पर भ्रूण हत्या का आरोप लगाए जाने पर खरगे ने कहा, महिला आरक्षण विधेयक को आपने (मोदी) खत्म कियाय हमने परिसीमन विधेयक के खिलाफ लड़ाई लड़ी, न कि महिला आरक्षण के खिलाफ। कूचबिहार में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, हम हमेशा महिलाओं के अधिकार और कल्याण सुनिश्चित करने के पक्ष में रहे हैं। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि सरोजिनी नायडू, इंदिरा गांधी और सोनिया गांधी कांग्रेस की नेता रही हैं।

## राजस्थानः पीएम मोदी के दौरे से पहले पचपदरा रिफाइनरी में लगी भीषण आग, मची अफरातफरी...

(एजेंसी) जयपुर। राजस्थान में बालोतरा जिले की पचपदरा रिफाइनरी में सोमवार दोपहर भीषण आग लग गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस रिफाइनरी का मंगलवार को उद्घाटन करने वाले हैं। रिफाइनरी में आग लगने से अफरा–तफरी मच गई। फिलहाल किसी के हताहत होने का समाचार नहीं है। शुरूआती रिपोर्टों के अनुसार आग रिफाइनरी के क्रूड डिस्टिलेशन यूनिट में लगी। अधिकारियों ने बताया कि दमकल की गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने की कोशिशें जारी हैं। अधिकारियों का कहना है कि हालात को काबू करने के लिए आपातकालीन टीमों को लगाया गया है तथा किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का भी आज शाम करीब चार बजे रिफाइनरी का दौरा करने का कार्यक्रम है। अधिकारियों ने बताया कि अभी और जानकारी का इंतजार है एवं नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

## जनता दर्शन में एक्शन में दिखे सीएम योगी, बरेली निवासी दीप्ती की फरियाद पर अधिकारियों को दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

(एजेंसी) लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जनता दर्शन में राज्य के लोगों से



मुलाकात की और इस बात पर जोर दिया कि जनसेवा सरकार का कर्तव्य है। आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि लोगों की शिकायतों का समाधान निर्धारित समय के भीतर किया जाए। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार सभी उचित समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। आदित्यनाथ ने कहा, जनसेवा सरकार का दायित्व है और प्रशासन इस जिम्मेदारी का पालन करते हुए राज्य के 25 करोड़ लोगों की सेवा को लेकर प्रतिबद्ध है। जनता दर्शन में बरेली निवासी दीप्ति ने मुख्यमंत्री को अपनी परेशानी बताते हुए कहा कि वह किराए के मकान में रहती हैं और ठेला लगाकर आजीविका कमाती हैं लेकिन आर्थिक तंगी के कारण उनके लिए बच्चों का पालन–पोषण करना बहुत मुश्किल हो रहा है। इसके बाद, आदित्यनाथ ने बरेली के जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि दीप्ति को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का लाभ दिया जाए और स्थानीय स्तर पर भी तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाए। श्जनता दर्शनश में कुछ लोगों ने आवास की मांग से संबंधित प्रार्थना पत्र सौंपे। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार हर पात्र व्यक्ति को प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध करा रही है। मुख्यमंत्री ने संबंधित जिलाधिकारियों को आवेदकों के पत्र भेजते हुए उन्हें यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि पात्र लोगों को इन योजनाओं का लाभ मिले। आवेदकों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। जनता दर्शन में कुछ लोगों ने इलाज के लिए वित्तीय सहायता का अनुरोध किया। आदित्यनाथ ने अधिकारियों को अनुमानित खर्च का पता लगाकर सरकार को तत्काल रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया और सहायता का अनुरोध करने वालों को आश्वासन दिया कि उनके परिवार के सदस्यों के इलाज का इंतजाम किया जाएगा। कुछ अभिभावकों ने आर्थिक तंगी के कारण बच्चों की पढ़ाई जारी रखने में हो रही कठिनाइयों का भी जिक्र किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि कोई भी बच्चा स्कूल छोड़ने को मजबूर न हो और जरूरत पड़ने पर स्कूल प्रबंधन से समन्वय किया जाए। मुख्यमंत्री ने अवैध अतिक्रमण और पुलिस से जुड़े मामलों में लापरवाही का संज्ञान लेते हुए इन प्रकरणों में तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया।

## बंगाल चुनावः मुख्यमंत्री योगी का टीएमसी पर तीखा प्रहार, बोले- तुष्टिकरण ने राज्य को किया बेहाल

(एजेंसी) पश्चिम। मेदिनीपुर पश्चिम बंगाल में चुनावी सरगर्मी के बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिंगला विधानसभा क्षेत्र में अपनी पहली



जनसभा को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में नौजवान परेशान, किसान हताश और उद्योग–धंधे चौपट हैं, जबकि तृणमूल कांग्रेस सरकार तुष्टिकरण की राजनीति में व्यस्त है। भाजपा प्रत्याशी स्वागता मन्ना और सुवेंदु सामंत के समर्थन में आयोजित सभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि बंगाल में सैंड, कोल, लैंड और कैटल माफिया सक्रिय हैं, जो राज्य के संसाधनों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। उन्होंने राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें जय श्रीराम के नारे से चिढ़ है और धार्मिक आयोजनों में बाधाएं उत्पन्न की जाती हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में उत्तर प्रदेश का उदाहरण देते हुए कहा कि वर्ष 2017 से पहले वहां भी कानून–व्यवस्था की स्थिति खराब थी, लेकिन अब नो कर्फ्यू–नो दंगा का माहौल है और माफिया व अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून का राज स्थापित हुआ है। योगी ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति के मुद्दों को उठाते हुए विपक्षी दलों–कांग्रेस, टीएमसी और अन्य–पर आरोप लगाया कि उन्होंने इन वर्गों के उत्थान के लिए कोई ठोस कार्य नहीं किया। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का उल्लेख करते हुए कहा कि पहली बार जनजातीय समाज को देश के सर्वोच्च पद पर प्रतिनिधित्व मिला है। बंगाल की ऐतिहासिक विरासत का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने रवींद्रनाथ ठाकुर, स्वामी विवेकानंद, सुभाष चंद्र बोस और श्यामा प्रसाद मुखर्जी सहित कई महान विभूतियों को याद किया। उन्होंने कहा कि यह भूमि देश को दिशा देने वाली रही है, लेकिन वर्तमान में अराजकता और अव्यवस्था का सामना कर रही है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि कांग्रेस, वामपंथी दलों और टीएमसी के शासन में राज्य की आर्थिक स्थिति कमजोर हुई है, उद्योग बंद हुए हैं और बेरोजगारी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में एमएसएमई इकाइयां बंद होने से युवाओं के सामने रोजगार का संकट गहराया है।

## सोने-चांदी के भाव में आई बड़ी गिरावट, अक्षय तृतीया के बाद एमसीएक्स पर 5,175 टूटी चांदी

(एजेंसी) नई दिल्ली। सोने की कीमतों में सोमवार को कमजोर हाजिर मांग के कारण गिरावट दर्ज की गई और यह वायदा कारोबार में 1,310 रुपये गिरकर 1,53,299 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर जून की आपूर्ति वाले सोने का अनुबंध 1,310 रुपये यानी 0.85 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,53,299 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था। इस दौरान कुल 1,119 लॉट का कारोबार हुआ। विश्लेषकों के मुताबिक, वैश्विक बाजारों से मिले कमजोर संकेतों का असर घरेलू कीमतों पर पड़ा है। हाजिर बाजार में मांग में नरमी भी गिरावट की प्रमुख वजह रही। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, न्यूयॉर्क में सोने का वायदा भाव 0.87 प्रतिशत गिरकर 4,788.31 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर आ गया

# सम्पादकीय

## महिला आरक्षण विधेयक

### मोदी सरकार के पास हैं और भी विकल्प

राष्ट्र के नाम संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला आरक्षण बिल को लेकर विपक्षी दलों पर तीखा निशाना साधा और साथ ही उन्होंने देश की महिलाओं से माफी भी मांगी है। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा, आज भारत का हर नागरिक देख रहा है कि कैसे



नफीस जाफरी

भारत की नारी शक्ति की उड़ान को रोक दिया गया। उनके सपनों को बेरहमी से कुचल दिया गया। हमारे भरसक प्रयास के बावजूद हम सफल नहीं हो पाए। नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन नहीं हो पाया। इसके लिए मैं देश की माताओं–बहनों से क्षमा प्रार्थी हूं। बहरहाल, अब जहां तक देश की मोदी सरकार को सवाल है तो महिला आरक्षण लागू करने के लिए संविधान संशोधन बिल लोक सभा में गिरने के बावजूद अब भी 2029 लोक सभा चुनाव में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने का रास्ता खुला हुआ है। इसके लिए कई विकल्पों पर विचार चल रहा है। मोदी सरकार के आला सूत्रों के अनुसार मोदी सरकार 33 प्रतिशत महिला आरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। इसे अगले लोक सभा चुनाव में लागू करने के लिए सभी दलों से चर्चा की जाएगी और जरूरत पड़ने पर मॉनसून सत्र में फिर से विधेयक लाने पर भी विचार किया जा सकता है। सूत्रों के अनुसार 131वें संविधान संशोधन बिल के गिरने के बावजूद इसके साथ लाए गए केंद्र शासित प्रदेशों और परिसीमन से जुड़े दो बिलों को सरकार ने वापस नहीं लिया है और वे लोक सभा में लंबित हैं। उन्हें सरकार अपनी सुविधा के हिसाब से कभी भी मतदान के लिए आगे कर सकती है। सूत्रों के अनुसार इसी तरह नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 (106वां संविधान संशोधन) पूरी तरह प्रभावी बना हुआ है। इसका मतलब यह है कि 2029 के लोकसभा चुनावों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू होने का रास्ता बंद नहीं हुआ है। गौरतलब है कि सरकार ने 131वें संविधान संशोधन पर चर्चा के दौरान ही इसे अधिसूचित किया गया था। इस मूल कानून के तहत महिला आरक्षण को जनगणना और उसके बाद होने वाली परिसीमन की प्रक्रिया से जोड़ा गया है। जो संविधान संशोधन विधेयक गिरा उसका मकसद 2011 की जनगणना के आधार पर लोकसभा की सीटों को बढ़ाकर 816 करना था ताकि महिला आरक्षण लागू करने में आसानी हो। हालांकि, इस विधेयक के गिरने से मूल बिल में दिए गए आरक्षण के कोटे पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ा है। वैसे भी 2023 का कानून तभी लागू होगा जब जनगणना पूरी होगी और उसके आधार पर लोक सभा सीटों का परिसीमन के जरिए नए सिरे से निर्धारण होगा। इन दिनों जनगणना की प्रक्रिया चल रही है जो 2027 तक पूरी होने की संभावना है। उसके तुरंत बाद अगर परिसीमन आयोग का गठन होकर काम पूरा हो तो 2029 के चुनाव में महिला आरक्षण लागू हो सकता है। जानकारों का मानना है कि सरकार के पास अब भी कुछ रास्ते हैं जिनके जरिए वह महिला आरक्षण को लागू कर सकती है। सरकार परिसीमन के माध्यम से सीटों की संख्या बढ़ा सकती है। हालांकि इसके लिए उसे संसद में दो–तिहाई बहुमत की आवश्यकता होगी। वैसे विपक्षी दल जनसंख्या के आधार पर सीटों के परिसीमन पर आपत्ति कर रहे हैं। 131वें संविधान संशोधन बिल के विरोध का एक बड़ा कारण यह भी था। दूसरा वैकल्पिक रास्ता यह है कि सीटों की कुल संख्या (550 का कैप) को बढ़ाए बिना केवल निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाओं को बदला जाए। इस पर राजनीतिक सहमति बनाना तुलनात्मक रूप से आसान हो सकता है। सरकार के पास एक अन्य विकल्प भी है. इसके तहत अनुच्छेद 334। में संशोधन कर आरक्षण को परिसीमन की शर्त से अलग किया जा सकता है। ऐसा करने से वर्तमान 543 सीटों पर ही आरक्षण लागू हो सकेगा। यहां यह भी ध्यान देने की बात ही है कि परिसीमन पर 2026 तक फ्रीज लगा है। इस साल यह फ्रीज खत्म हो रहा है ऐसे में नए सिरे से सरकार को इस दिशा में भी सोचना होगा। इन तमाम विकल्पों के बीच केंद्र सरकार ने फिलहाल राजनीतिक तौर पर विपक्ष पर हमलावर होने का फैसला किया है। पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के विधानसभा चुनावों के दौरान ही सरकार ने देश भर में विरोध प्रदर्शन कर कांग्रेस को कठघरे में खड़ा किया है। हालांकि महिला आरक्षण से जुड़े संवैधानिक और तकनीकी पहलुओं पर सरकार के भीतर मंथन भी जारी है। आला सूत्रों के अनुसार सरकार के पास कई विकल्प हैं और विपक्षी दलों को फिर से चौंकाने की रणनीति भी है।

## पहल के पीछे के इरादे पर शक

विदेशी चंदे की भारत में क्या भूमिका रही है और इसका किस हद तक अवांछित उद्देश्यों के लिए उपयोग हुआ है, इस बारे में स्पष्टता बनाने की जरूरत है। बेहतर होगा कि केंद्र इस बारे में श्वेत पत्र जारी करे। संसद के चालू सत्र में विदेशी अनुदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) संशोधन विधेयक ना पारित कराने के केंद्र के एलान से इस बारे में टकराव फिलहाल टल गया है। केंद्र ने कहा कि केरल में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस और लेफ्ट पार्टियों ने इस मुद्दे पर अनावश्यक विवाद खड़ा किया। वैसे, कहा यह भी जा सकता है कि इसी चुनाव के कारण विधेयक को फिलहाल टालने पर केंद्र इतनी आसानी से राजी हो गया। वरना, विवादित विधेयकों को बहुमत के जोर से पारित कराने का उसका रिकॉर्ड जग–जाहिर है। केरल में भाजपा की नजर भी ईसाई मतदाताओं पर है; इसके बावजूद कि भाजपा और उसके सहमना संगठनों का लंबे समय से इल्जाम है कि ईसाई संस्थाएं विदेशी धन का इस्तेमाल धर्मांतरण के लिए करती हैं। और संभवतरू इसीलिए एफसीआरए के नियमों में बदलाव को ईसाइयों ने अपने खिलाफ माना है। कैथोलिक बिशप्स कॉन्फ्रेंस ऑफ इंडिया ने इसे खतरनाक और चिंताजनक बताया है, जबकि केरल और अन्य राज्यों में चर्च समूहों ने विरोध प्रदर्शन किए हैं। बहरहाल, विदेशी चंदे को सिर्फ सांप्रदायिक संदर्भ में देखना सही नजरिया नहीं है। बेहतर होगा कि ऐसे चंदे की व्यापक भूमिका पर विचार– विमर्श किया जाए। विदेशी चंदे की भारत में क्या भूमिका रही है और इसका किस हद तक अवांछित उद्देश्यों के लिए उपयोग हुआ है, इस बारे में स्पष्टता बनाने की जरूरत है। बेहतर होता कि केंद्र इस बारे में श्वेत पत्र जारी करता। उससे इस बारे में ठोस समझ बनाने में मदद मिलती। लेकिन वर्तमान सत्ताधारी पार्टी पर आरोप है कि वह महज कुछ हलकों के लिए चंदे के स्रोत रोकना चाहती है, जबकि अपने सहमना संगठनों के लिए वह इसका रास्ता खुला रखना चाहती है। इसलिए उसकी ये पहल विवादास्पद हो गई है। वरना, हर देश का यह संप्रभु अधिकार है कि वह अपने यहां धन या अन्य माध्यमों से विदेशी हस्तक्षेप को नियंत्रित और विनियमित करे। ऐसा निष्पक्ष रुख एवं अधिकतम सहमति के साथ किया जाए, तो विवाद की संभावना न्यूनतम रहेगी। जबकि पहल के पीछे के इरादे पर शक हो, तो बात बिगड़ जाती है। ऐसा ही इस मामले में हुआ है।

# महिला आरक्षण बिल का विरोध-मुलायम के नक्शेक़दम पर अखिलेश



गुलफिशा खान

महिला आरक्षण से जुड़ा संविधान संशोधन बिल संसद में गिरने के बाद अब सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने–सामने आ गए हैं। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी बीते शुक्रवार रात को देश के नाम संबोधन में विपक्ष पर महिलाओं को हक छीनने का आरोप लगाया। फिर उसके बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए समाजवादी पार्टी और विपक्ष को घेरा। उन्होंने कहा कि अगर ये बिल पास होता तो महिलाओं को उनका हक मिलता लेकिन इंडी गठबंधन के कारण आरक्षण नहीं मिल पाया। वहीं, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने भी प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा संसद में तथाकथित महिला बिल की हार भाजपा की हार है और यह भाजपा की बदनीयत की हार भी है। बात पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अगर ये बिल पास होता तो नारी को सम्मान और अधिकार मिलता। ये लोग संविधान की दुहाई देते हैं लेकिन बाबा साहेब के सपने को पूरा करने में बाधा बनते हैं। उन्होंने कहा कि मैं सपा–कांग्रेस की रणनीति को लेकर पूछना चाहता हूं कि महिला आरक्षण से जुड़ा मुद्दा पुरुष का हक नहीं माना जा रहा था बल्कि महिलाओं को सशक्त बनाने का अधिकार दिया जा रहा था। उन्होंने कहा कि दक्षिण भारत के राज्यों ने कहा कि हमारा हक कम होगा लेकिन प्रधानमंत्री और गृह मंत्र ने इस बात के लिए आश्वस्त किया कि 2011 की जनगणना के आधार पर ही सीटें बढ़ेंगी। किसी की सीटें कम नहीं होना है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जो .श्य वास्तव में सदन के अंदर इंडी गठबंधन का रहा है। कांग्रेस, सपा, टीएमसी, डीएमके का रहा है। यह पूरी तरीके से एक बार उस .श्य की ओर ध्यान आकर्षित करता है जो भरी सभा में द्रौपदी का चीरहरण जैसा .श्य था। उन्होंने कहा कि इन सब आश्वासनों के बाद सर्वसम्मति से यह कार्य होता, तो स्वाभाविक रूप से पूरे सदन को इसका श्रेय मिलता। नारी को उसका हक मिलता, लेकिन इसमें ऐसी बातें की गई कि, जैसे समाजवादी पार्टी ने मुद्दा छेड़ा की मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण क्यों नही मिल पा रहा है? ये लोग संविधान की दुहाई देते हैं, लेकिन बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के भावनाओं के प्रतिकूल आचरण इनका यहां पर भी देखने को मिला। योगी ने कहा कि जब भारत का संविधान निर्माण हो रहा था, तब भी धर्म के आधार पर आरक्षण देने की मांग उठी थी। सर्वसम्मति से इसका तब सभी पक्षों ने विरोध किया था। बाबा साहेब ने इसपर तीखी टिप्पणी लिखी थी– एकबार विभाजन हो गया है, भारत दूसरे विभाजन के लिए तैयार नही हो सकता। सरदार पटेल जी ने इसका विरोध किया। संविधान निर्माण समिति के सभी सदस्यों ने इसका पुरजोर विरोध किया। लेकिन समाजवादी पार्टी और उनके अन्य सहयोगी, कांग्रेस की उस रणनीति में साझीदार रहे। तो वहीं दूसरी ओर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भी इसे लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की. आरक्षण लागू करना गलत है। अखिलेश ने पहले जातीय जनगणना करवाने की मांग की। उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना से ही आरक्षण की असली तस्वीर सामने आएगी। भाजपा जानबूझकर जातीय जनगणना से बच रही है। आरक्षण की मांग मजबूत होने से डर रही है। उन्होंने कहा कि जनगणना के बाद यह बिल आता



उन्होंने यह बिल पास होने पर ऐतिहासिक दिन बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार को सत्ता में बने रहने का नैतिक अधिकार नहीं रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा महिला आरक्षण को राजनीतिक नारे में बदलना चाहती है। महिला आरक्षण के नाम पर असली मुद्दे छुपा रही है। यह विधेयक भाजपा की बदनीयत का काला दस्तावेज है। उन्होंने कहा कि विपक्ष की एकजुटता के कारण यह बिल पास नहीं हो सका। अखिलेश ने दावा किया कि सपा महिला आरक्षण के खिलाफ नहीं है। पार्टी ने जल्दबाजी में लाए गए बिल का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सम्मान और उचित प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। सही प्रक्रिया के बिना तो सभी दल इसका समर्थन करते। गौर तलब है कि लोकसभा में दो दिन की बहस के बाद महिला आरक्षण बिल गिर गया। इस बिल पर सदन में खूब गरमागरमी देखने को मिली। सरकार की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर गृहमंत्री अमित शाह तक ने अपनी बात रखी और सांसदों का समर्थन जुटाने की कोशिश की। वहीं कांग्रेस समेत विपक्षी पार्टियों ने इस बिल के खिलाफ सदन में हंगामा किया। इस पूरी चर्चा के दौरान समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव पर सबकी निगाहें थीं। अखिलेश और उनकी पार्टी के सांसदों ने इस बिल पर मिला–जुला रुख अपनाया। अखिलेश ने कहा कि हम महिला आरक्षण के खिलाफ नहीं है लेकिन उन्होंने इस बिल के विरोध में वोट किया। अखिलेश के लिए यह बिल उनके नए राजनीतिक फॉर्मूले पीडीए की अग्निपरीक्षा है। उन्होंने बिल का विरोध करके कहीं न कहीं अपने लिए थोड़ी मुसीबत मोल ले ली है। अब भाजपा उन्हें महिला विरोधी और पिछड़ा विरोधी साबित करने का नैरेटिव सेट कर सकती है। कहा जाता है कि ऐसा ही कभी अखिलेश यादव के पिता मुलायम सिंह यादव के समय भी हुआ था, जब उनकी वजह से महिला आरक्षण बिल गिर गया था। ऐसी चर्चा है कि अखिलेश यादव पिछले कुछ सालों से पीडीए दांव खेल रहे हैं। अगर इस बिल की बात करें तो उन्होंने यहां संतुलित रुख अपनाया. सपा सांसदों ने सदन में कहा कि उनकी पार्टी महिला आरक्षण के खिलाफ नहीं है, लेकिन जिस जल्दबाजी और गलत तरीके से इसे लाया गया है, उस पर उनके गंभीर सवाल हैं। अखिलेश ने कोटा के भीतर कोटा की भी मांग की। अखिलेश का सबसे बड़ा तर्क यह है कि आरक्षण का लाभ देश की 95 प्रतिशत आबादी वाली पिछड़ी, दलित और अल्पसंख्यक (मुस्लिम) महिलाओं तक पहुंचना चाहिए। उनका मानना है कि इनके लिए अलग से कोटा सुनिश्चित किए बिना यह बिल अधूरा और दिखावा है। उन्होंने मांग की है कि सरकार पहले जातिगत जनगणना कराए ताकि जनसंख्या के सही आंकड़ों के आधार पर आरक्षण दिया जा सके। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि सरकार जातिगत जनगणना से बचने के लिए ही इस बिल को जनगणना और परिसीमन के नाम पर टाल रही है। जैसा कि ऊपर उल्लेखनीय है कि महिला आरक्षण बिल का कभी अखिलेश यादव के पिता मुलायम सिंह यादव ने भी विरोध किया था। उन्होंने हमेशा यह कहकर इसका विरोध किया कि इसमें ओबीसी और मुस्लिम महिलाओं के लिए अलग से कोटा नहीं है। उनका मानना था कि इससे पिछड़ी जातियों का प्रतिनिधित्व खत्म हो जाएगा। मुलायम सिंह यादव ने 2010 में इस बिल का तीखा विरोध किया था, जिससे सपा पर महिला विरोधी होने का ठप्पा लगा। मुलायम सिंह यादव के बाद अब अखिलेश यादव ने भी महिला आरक्षण बिल का विरोध किया है। अब भाजपा उन्हें महिला विरोधी कहकर घेरेगी। भाजपा उन्हें प्रगति का दुश्मन करार देकर महिला साइलेंट वोटर्स को अपनी ओर खींचने की कोशिश करेगी। अगले साल यूपी में विधानसभा चुनाव भी है, ऐसे में इस बिल के विरोध करने का मुद्दा भाजपा चुनाव अभियान में जरूर उठाएगी। राजनीति के जानकारों का कहना है कि महिला आरक्षण बिल के विरोध का एक कारण परिसीमन भी है। अगर परिसीमन के चलते यूपी में सीटों की संख्या बढ़ती है, तो राजीनितिक समीकरण भी बदल जाएंगे। अखिलेश को डर है कि कहीं इससे भाजपा को मनोवैज्ञानिक बढ़त न मिल जाए। इसके अलावा यूपी में महिला वोटर्स का झुकाव पिछले कुछ चुनावों में भाजपा की ओर रहा है। अखिलेश के लिए आज का फैसला इस वोट बैंक को उनसे और भी दूर लेकर जा सकता है।

# हथियारों की कमी से जूझता अमेरिका!



फरीद वारसी

एक खबर के मुताबिक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप खुद के लिए एक बंकर बनवा रहे हैं। व्हाइट हाउस के भीतर एक ऐसा प्रोजेक्ट आकार ले रहा है जिसकी भव्यता और सुरक्षा व्यवस्था ने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा है। करीब 4 हजार करोड़ रुपये (400 मिलियन डॉलर) की लागत से बनने वाले इस प्रोजेक्ट में एक बेहद सुरक्षित बंकर और एक विशालकाय बॉलरूम शामिल है। हालांकि, इस निर्माण को लेकर कानूनी पेच भी फंसे, लेकिन फिलहाल अमेरिकी अपीली अदालत ने इस काम को जारी रखने की मंजूरी दे दी है। इस पूरे विवाद की शुरुआत तब हुई जब ट्रंप प्रशासन ने व्हाइट हाउस के ईस्ट विंग को ढहाकर वहां निर्माण कार्य शुरू कराया गया। इस प्रोजेक्ट का मकसद सुरक्षा को पुख्ता करना है, इसके साथ ही व्हाइट हाउस की मेहमाननवाजी के स्तर को भी बढ़ाना है। राष्ट्रपति ट्रंप का तर्क है कि व्हाइट हाउस को एक आधुनिक और बड़े बॉलरूम की लंबे समय से जरूरत थी। वहीं वॉशिंगटन की एक फेडरल अपीली अदालत नेएक बड़ा फैसला सुनाते हुए ट्रंप को इस 4 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट पर काम जारी रखने की अनुमति दे दी। इससे पहले एक निचली अदालत के जज रिचर्ड लियोन ने इस प्रोजेक्ट के ऊपरी हिस्से पर रोक लगा दी थी। जज का मानना था कि ऐतिहासिक महत्व वाली जगह पर बिना जरूरी मंजूरी के काम नहीं किया जा सकता। लेकिन तीन जजों के पैनल ने इस रोक पर फिलहाल स्टे लगा दिया है और अब अगली सुनवाई 5 जून को तय की गई है। गौरतलब है कि अदालत ने जमीन के नीचे चल रहे काम को कभी नहीं रोका था। प्रशासन का कहना है कि यह हिस्सा राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से बेहद अहम है। यहां एक हाई–टेक बंकर बनाया जा रहा है जो किसी भी आपातकालीन स्थिति में राष्ट्रपति और उनके स्टाफ को सुरक्षा देगा। इस प्रोजेक्ट का सबसे आकर्षक हिस्सा 90,000 वर्ग फुट में फैला एक विशाल बॉलरूम है। इसे बनाने के लिए पिछले साल ही पुराने ईस्ट विंग को जमींदोज कर दिया गया था। लेकिन इस भव्यता के पीछे विरोध के सुर भी कम नहीं हैं। नेशनल ट्रस्ट फॉर हिस्टोरिक प्रिजर्वेशन नाम की संस्था ने ट्रंप सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। संस्था का आरोप है कि ट्रंप ने अपनी शक्तियों का गलत इस्तेमाल किया और कांग्रेस या संबंधित संघीय एजेंसियों से मंजूरी लिए बिना ही इस ऐतिहासिक इमारत में तोड़फोड़ शुरू कर दी। वहीं बात अब उस खबर की जो न सिर्फ अमेरिका के लिए बल्कि उसके मित्र देशों खासकर नाटों देशों के लिए चिंता की बात है। विदित हो कि अमेरिका और ईरान के बीच छिड़े भीषण युद्ध ने अब ग्लोबल डिफेंस सप्लाई चेन की कमर तोड़ दी है। आलम यह है कि दुनिया की सबसे बड़ी सैन्य शक्ति होने का दम भरने वाले अमेरिका के पास अब अपने ही करीबियों को देने के लिए हथियार कम पड़ गए हैं। व्हाइट हाउस ने साफ कर दिया है कि ईरान के खिलाफ जारी सैन्य अभियान के कारण उसके हथियारों का भंडार तेजी से खाली हो रहा है, जिसका सीधा असर अब यूरोप के उन देशों पर पड़ेगा जो अपनी सुरक्षा के लिए अमेरिकी वेपन्स के भरोसे बैठे थे। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी अधिकारियों ने अपने यूरोपीय



समकक्षों को सूचित किया है कि पहले से तय और कॉन्ट्रैक्ट हो चुके हथियारों की डिलीवरी में अब लंबा इंतजार करना पड़ सकता है। सूत्रों के मुताबिक, ईरान युद्ध में हथियारों की भारी खपत के कारण अमेरिका ने यह कदम उठाया है। 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए हवाई हमलों के बाद शुरू हुआ यह युद्ध अब अमेरिकी हथियारों के स्टॉक को सूखा रहा है। इस फैसले की सबसे ज्यादा मार बाल्टिक देशों और स्कैंडिनेवियाई देशों पर पड़ने वाली है। ये वे देश हैं जो रूस की सीमा के करीब हैं और अपनी रक्षा तैयारियों के लिए पूरी तरह से अमेरिकी फॉरेन मिलिट्री सेल्स प्रोग्राम पर निर्भर हैं। एस्टोनिया और लिथुआनिया के रक्षा मंत्रालयों ने भी पुष्टि की है कि उन्हें अमेरिका से संभावित देरी के संदेश मिल चुके हैं, जिससे उनकी सैन्य योजनाएं खटाई में पड़ती नजर आ रही हैं। जब इस देरी पर व्हाइट हाउस और विदेश विभाग से सवाल किया गया, तो उन्होंने गेंद पेंटागन के पाले में डाल दी। पेंटागन के प्रवक्ता ने गोल–मोल जवाब देते हुए कहा कि अमेरिकी सेना दुनिया की सबसे ताकतवर सेना है और वह अपने सहयोगियों की जरूरतों का ख्याल रखेगी। हालांकि, ऑपरेशनल सिक्योरिटी का हवाला देते हुए उन्होंने यह बताने से इनकार कर दिया कि किन हथियारों की डिलीवरी रोकी गई है। हकीकत यह है कि अमेरिका इस वक्त दोतरफा दबाव में है एक तरफ उसे इजरायल के साथ मिलकर ईरान से लड़ना है, तो दूसरी तरफ अपने नाटो सहयोगियों को खुश रखना है। चर्चा है कि यूरोपीय देश इस स्थिति से बेहद नाराज हैं। ट्रंप प्रशासन के दौरान अमेरिका ने ही दबाव बनाया था कि यूरोपीय देश अपनी सुरक्षा के लिए अमेरिकी हथियार खरीदें। अब जब इन देशों ने अरबों डॉलर के सौदे कर लिए, तो युद्ध के समय अमेरिका ने हाथ पीछे खींच लिए हैं। यही वजह है कि अब यूरोपीय राजधानियों में अमेरिकी हथियारों के बजाय मेड इन यूरोप डिफेंस सिस्टम पर ध्यान देने की बात उठने लगी है। वहीं अमेरिकी अधिकारी इस देरी के लिए यूरोपीय देशों को भी जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। वाशिंगटन का तर्क है कि ईरान के खिलाफ युद्ध में और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को खोलने में यूरोपीय देशों ने वैसी मदद नहीं की जैसी उम्मीद थी। अमेरिका का कहना है कि उसे मध्य–पूर्व में अपनी मोर्चेबंदी मजबूत करने के लिए इन हथियारों की तत्काल जरूरत है।

# महिला आरक्षण,परिसीमन संविधान संशोधन बिल, आखिर पारित क्यों नहीं हो पाया

**(एक विश्लेषण) अजय दीक्षित**

लोकसभा सरकार द्वारा पेश महिला आरक्षण, परिसीमन संविधान संशोधन बिल पारित नहीं हो सका है क्योंकि सरकार दो तिहाई समर्थन नहीं जुटा सकी इसलिए 298 मत लाकर गिर गया। विपक्ष ने कोई सहयोग नहीं किया कांग्रेस,सपा, डीएमके, तुड़मूल कांग्रेस, बीजेडी, सीपीएम, सीपीई, क्रस्क्क, सहित डालो विरोध में 230 का अकड़ा जूता लिया जबकि सरकार को 336 मतों की आवश्यकता थी। इससे पहले लोकसभा में जमकर बहस हुई।बिल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रस्तुत किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, निशिकांत दुबे, के सी वेणुगोपाल,आदि नेताओं ने भाग लिया। इस बिल के गिरने से सरकार अचरज में नहीं है उसे पहले ही मालूम था।इसी लिए उसने जो बिल का प्रारूप पेश किया वह महिला आरक्षण तो था ही था बल्कि सरकार की मनसा परिसीमन बिल की अधिक थी ।2014 में जब भारतीय जनता पार्टी की नरेंद्र मोदी सरकार आई है।12 वर्ष में सत्ता और विपक्ष में कटुता इतनी बढ़ गई है कि राहुल गांधी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बात भी नहीं होती है।जिस तरह से राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, और अन्य कांग्रेस नेता आरोप लगाते रहते हैं कि भारत लोकतांत्रिक संस्थाओं को हाइजैक कर लिया है। सर्वोच्च न्यायालय से लेकर चुनाव आयोग तक कांग्रेस ने निष्पक्षता के कटघरे खड़ा कर दिया है। कांग्रेस का आरोप है कि श्वष्ठ, सीबीआई, हृष्टक्रञ्जश्व, हृद्द्र, आदि को भी कांग्रेस नेताओं के खिलाफ इस्तेमाल किया जा रहा है। राज्यों के विधानसभा चुनाव में आयोग की भूमिका को संदेहास्पद मानती है यहां तक कि लोकसभा स्पीकर ओम बिरला,चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ भी महायोग का नोटिस दिया जा चुका है। अन्य पार्टियां जैसे तुड़मूल कांग्रेस, बीजेडी, सीपीएम, सीपीई, क्रस्क्क, सपा, डीएमके, भारतीय जनता पार्टी को दुश्मन मानती है। परिसीमन बिल में मुख्य अपत्ति यह थी सरकार कैसे तय कर रही है क्योंकि यह तो चुनाव आयोग या परिसीमन आयोग को निर्णय करना चाहिए वह भी काफी एक्सरसाइज के बाद जबकि बिल में लिखा गया लोकसभा संख्या 850 होगी जिसमें से 35 यूनियन टेरोटरी के लिए आरक्षित होंगी।बिल राज्य बार पचास फीसदी सीट लोकसभा में बढ़ाने का प्रस्ताव था इसी प्रकार राज्यों की विधानसभा सीटों बढ़ेगी। हालांकि दक्षिण भारत के राज्यों में 129 के बजाय 195 सीट का प्रस्ताव था आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, में 24 फीसदी सीट तय की गई जो वर्तमान से कुछ ही अधिक है। लेकिन विपक्ष की आपत्ति उत्तर प्रदेश में 120, महाराष्ट्र में 78, मध्य प्रदेश में 59,इसी प्रकार राजस्थान, दिल्ली, बिहार, गुजरात, हरियाणा,को लेकर थी। लेकिन समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने सदन में कह दिया कि हम इस बिल विरोध करेंगे चाहे हृष्ढ किसी महिला तो ही प्रधानमंत्री बना दे । राहुल गांधी ने तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ ही यह कह कर भाषण दिया कि महिला आरक्षण तो बहाना है असली बात तो परिसीमन की है। लेकिन प्रस्ताव कोई कमी नहीं थी । कुल मिलाकर नरेंद्र मोदी की सरकार और भारतीय जनता पार्टी विपक्ष से कोई उम्मीद नहीं रखे। कांग्रेस और अन्य पार्टियां की पीड़ा है कि अब गिने चुने राज्य रहगये है जहां सरकार अन्य पार्टियां की है जिनमें झारखंड, जम्मू कश्मीर, हिमाचल, कर्नाटक, ही है। ये पहला मौका जब विपक्ष एक जुट हुआ है क्योंकि 12 वर्ष में मोदी सरकार ने कभी भी लोकसभा या राज्यसभा में बिल गिरने नहीं दिया है यहां तक कि जम्मू कश्मीर से संविधान की अनुच्छेद 370 पर भी सरकार हारी नहीं थी चाहे वह जीएसटी का मामला हो।

12 वर्ष जिस तरह मोदी सरकार ने कार्य ही नहीं किया बल्कि राज्य विधानसभा चुनाव में दो बार उत्तर प्रदेश,तीन बार बिहार,तीन बार मध्यप्रदेश,दो बार राजस्थान,तीन बार गुजरात,तीन बार हरियाणा,तीन बार उत्तराखंड,दो बार छत्तीसगढ़, ओडिशा,दो बार महाराष्ट्र,सहित 75 चुनाव जीते हैं बस यही कसक कांग्रेस को खाए जा रही है। सपा, डीएमके, तुड़मूल कांग्रेस, बीजेडी, सीपीएम, सीपीई,भी इसी कसक में जले भुजे जा रहे हैं।

# नारी वंदन के माध्यम से नारी सशक्तिकरण पर गोष्ठी का आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। नारी वंदन के माध्यम से नारी सशक्तिकरण पर गोष्ठी का आयोजन नारी वंदन के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण दिवस मनाया गया। इसमें बालिकाओं को उनकी भागीदारी बढ़ाने



तथा पुरुष प्रधान मानसिकता बदलने में मदद मिलेगी यह सरकार का महत्वपूर्ण कदम है। नारी वंदन कार्यक्रम से महिलाओं में नेतृत्व की भूमिका बढ़ रही है तथा समाज में बालिका एवं महिलाओं का काफी योगदान है। जब नारी आगे बढ़ती है तो पूरा समाज आगे बढ़ता है। इस संदर्भ में नीता सिंह ने विद्यालय की बालिकाओं को प्रति भाग कराया नारी शक्ति तथा स्वावलंबन पक्ष को अलग–अलग तरीके से प्रस्तुत किया जिसमें 1090, 181 112 1076, 1098, 102,108 पर विस्तृत जानकारी से अवगत कराया गया। कार्यक्रम का संचालन विजय कुमार निगम ने किया। प्रधानाचार्य अवधेश कुमार अवस्थी ने सभी बालिकाओं और महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए सरकार के नियमों और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इस प्रेरणा के लिए उनकी सराहना की। कार्यक्रम में शैल सिंह, नीता सिंह, रमेश चंद्र मिश्रा, विनोद कुमार शुक्ला, अजीम अहमद, सुधा भारती, नमिता रस्तोगी, अर्षिता सिंह के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# व्यस्त बाजार में चोरी से सनसनी, छत के रास्ते दुकान में दाखिल हुए बदमाश

न्यूज वाणी ब्यूरो

नजीबाबाद, बिजनौर। नगर के व्यस्ततम क्षेत्र चौक बाजार में स्थित एक दुकान को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाते हुए बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी सुबह उस समय हुई जब दुकान स्वामी ने शटर



खोलकर अंदर प्रवेश किया तो सामान अस्त–व्यस्त मिला, जिससे चोरी का खुलासा हुआ। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि चोर दुकान में छत के जाल (रोशनदान) के रास्ते अंदर घुसे। अंदर घुसने के बाद चोरों ने आराम से दुकान में रखी नकदी व अन्य कीमती सामान पर हाथ साफ किया। हालांकि अभी तक चोरी की गई रकम और सामान का सही आकलन नहीं हो सका है। दुकानदार द्वारा हिसाब लगाने के बाद ही नुकसान की स्पष्ट जानकारी मिल सकेगी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई। एसपी सिटी ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया और टीमों को जल्द से जल्द घटना का खुलासा करने के निर्देश दिए। पुलिस ने आसपास के प्रतिष्ठानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है। बाजार में हुई इस चोरी की घटना से व्यापारियों में भय और आक्रोश का माहौल है। व्यापारियों ने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरतार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक न्यूज वाणी में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
11 वर्षो से आपकी सेवा में तत्पर
फतेहपुर की मशहूर व पुरानी दुकान
जाफ़री चश्में वाले
थोक व फुटकर चश्में
39, नवीन मार्केट, पुराना R.T.O. आफिस
करूणा जीवन ज्योति नर्सिंग होम के सामने
(निकट पत्थर कटा चौराहा), फतेहपुर (उ.प्र.)
कानपुर के मशहूर डॉक्टर द्वारा आपरेशन की सुविधा।
नोट- डाक्टर का पर्चा लाने पर मात्र आधे घण्टे में चश्मा व 10 प्रतिशत की छूट सहित प्राप्त करें।
कान की मशीन मात्र 450/- में
कान्टेक्ट लेंस मात्र 350/- में
सम्पर्क सूत्र : 05180-228339, 9451548620
प्रो. नफीस अहमद जाफ़री
संपादक-राष्ट्रीय हिंदी दैनिक न्यूज वाणी

# जिले में पीएम स्वनिधि योजना से संवर रही छोटे उद्यमियों की किस्मत

## - योगीराज में 11874 लाभार्थियों को मिला आर्थिक संबल, किस्तों के जरिए सीधे हाथ में पहुंचा ऋण

## - पहली किस्त में 8455, दूसरी किस्त में 2898 व तीसरी किस्त में 521 लाभार्थियों को उपलब्ध कराया ऋण

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। प्रदेश की योगी सरकार और केंद्र की मोदी सरकार की जनहितकारी योजनाओं का सीधा असर अब बुंदेलखंड की धरती पर साफ दिखने लगा है। जिले में पीएम स्वनिधि योजना छोटे रेहड़ी पटरी के दुकानदारों व छोटे उद्यमियों के लिए वरदान साबित हो रही है। केंद्र व प्रदेश सरकार के साझा प्रयासों से जिले के 11874 लाभार्थियों को अब तक आर्थिक संबल प्रदान कर उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा चुका है। किस्तों में मिला ऋण, सुधरी आर्थिक सेहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों का नतीजा है कि बांदा के हजारों रेहड़ी–पटरी वालों की किस्मत संवर रही है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार योजना के तहत पारदर्शिता के साथ ऋण वितरण किया गया है जिसमे पहली किस्त में 8455 लाभार्थियों को शुरुआती पूंजी मिली वहीं दूसरी किस्त में कारोबार विस्तार के लिए 2898 लाभार्थियों को ऋण दिया गया।




वहीं तीसरी किस्त में 521 लाभार्थियों को भुगतान कर मदद पहुंचाई गई। बिचौलियों का खेल हुआ खत्म, सीधे हाथ में पहुंचा पैसा योगी सरकार की पारदर्शी कार्यप्रणाली ने जनता के बीच अटूट भरोसा पैदा किया है। बिना किसी गारंटी और बिचौलियों के ऋण की राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में पहुंच रही है। इससे न केवल भ्रष्टाचार पर लगाम लगी है बल्कि रेहड़ी–पटरी दुकानदारों को साहूकारों के चंगुल से भी मुक्ति मिली है। जिला प्रशासन के बेहतर क्रियान्वयन से बांदा अब आत्मनिर्भरता की एक मिसाल पेश कर रहा है। फल–सब्जी विक्रेता, चाय की दुकान चलाने वाले और अन्य छोटे कामगार अब सम्मान के साथ अपना व्यवसाय बढ़ा रहे हैं। बांदा की यह उपलब्धि दर्शाती है कि जब सरकारी मंशा साफ हो और क्रियान्वयन बेहतर हो तो समाज के अंतिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति भी विकास की ऊंचाइयों को छू सकता है।

# परिजन ही थमा रहे नाबालिगों के हाथों में बाइक व स्कूटी

## - हादसों से अनजान बच्चे भर रहे फर्राटा

न्यूज वाणी ब्यूरो

बाजार शुक्ल, अमेठी। परिजन ही थमा रहे नाबालिगों के हाथों में बाइक व स्कूटी शहर से गांव तक में यूं तो हर दिन हाइवे ही सड़कों के साथ ही अंदर की सड़कों में ट्रैफिक जाम से आवागमन बेहाल रहता है। जिसे दुरुस्त करने के लिए यातायात पुलिस जद्दोजहद करती रहती है। इन सभी के बीच नाबालिग बालक–बालिकाओं के फर्राटेदार बाइक और स्कूटी का चलाकर खुद और अन्य राहगीरों के लिए आफत बन रहे हैं। इनसे सड़क में आवागमन करने वाले लोग को सड़क दुघर्टना का शिकार होने के भय के माहौल में डाल रहे हैं। इन नाबालिग बाइक चालकों से पुलिस व आम जनता भी परेशान रहती है। जानकारी के अनुसार 12–14 वर्ष के बच्चों द्वारा साइकिलों के स्थान पर स्कूल सहित अन्य स्थानों में जाने के लिए बाइक और स्कूटी का उपयोग कर रहे हैं और इसके लिए उनके माता पिता भी आसानी से उन्हें बाइक उपलब्ध करा रहे हैं। जिसके बाद वह इसके आदि हो जाते हैं और सड़कों पर सरपट वाहन दौड़ाते नाबालिग न केवल आवागमन में परेशानी पैदा कर रहे हैं बल्कि खुद भी जान जोखिम में डाल रहे हैं। इसमें खासतौर से स्कूली बच्चों को बाइक, स्कूटी दौड़ाते हुए देखा जा सकता है। नियम मुताबिक निर्धारित आयु पूरी किए बगैर वाहन चलाना गलत है। इनका लाइसेंस भी परिवहन विभाग जारी नहीं करता। नाबालिग बेखौफ होकर बाइक और कार दौड़ा रहे हैं। स्कूल तक यह वाहन लेकर जाते हैं। वहीं यदाकदा यातायात पुलिस स्कूलों के बाहर नाकाबंदी करके सख्ती भी बरतती है। इसके बावजूद बच्चे दुपहिया वाहन चलाने से बाज नहीं आ रहे हैं। फिलहाल इन नाबालिग बाइकर्स के आतंक से हर कोई परेशान है, वहीं पुलिस के लिए भी यह सिरदर्द बने हुए हैं। कस्बा के सभी चौक चौराहा और रास्तों में आसानी से नाबालिग देखे जा सकते हैं। ध्यान नहीं दे रहे परिजन बच्चों को वाहन देने में उनके परिजन भी कम जिम्मेदार नहीं है। उनको स्कूटी और बाइक सौंप दी जाती है। बच्चों के हाथ में वाहन आते ही वह फर्राटे भरने लगते हैं। रतार देख कई लोग भौचक्के रह जाते हैं। देखा जाए तो यह रतार का कहर कई बार सड़क दुर्घटना के रूप में नजर आ चुका है। फिर भी पालक द्वारा बेंफिक्र होकर नाबालिग बालक व बालिकाओं के हाथ मे बाइक थमा रहे हैं। ये है नियम परिवहन विभाग के मुताबिक बालिक या इससे ऊपर के बच्चों का ही वाहन का लाइसेंस बनायाजाता है यानि बच्चे मोपेड ही चला सकते हैं। बिना लाइसेंस के वाहन चलाना गलत है। 18 साल की उम्र होने पर ही दुपहिया या चार पहिया वाहन का लाइसेंस बनाया जा सकता है। नाबालिग के बिना लाइसेंस के पकड़े जाने पर यातायात पुलिस जुर्माना वसूलती है।

# लखनऊ में आयोजित अधिवेशन को सफल बनाने पर हुआ विचार विमर्श

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। ऑल इंडिया मोमिन अंसार सभा की नगर कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक शहर के मोहल्ला शाह फैसल नगर स्थित निशा कंप्यूटर सेंटर में आयोजित हुई। जिसमें नगर कार्यकारिणी के पदाधिकारी व शहर के अन्य संभ्रांत उपस्थित रहे। मोमिन अंसार सभा जिला कमेटी के उपाध्यक्ष अब्दुल कयूम अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में ऑल इंडिया मोमिन अंसार सभा के 26 अप्रैल को



रविंद्रालय चारबाग लखनऊ में होने वाले वार्षिक अधिवेशन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने तथा कार्यक्रम को सफल बनाने पर विचार विमर्श किया गया। नगर अध्यक्ष यासीन इब्ने उमर ने कहा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद अकरम अंसारी साहब पिछड़ों व बुनकरो और दस्तकारों लिए जो संघर्ष कर रहे हैं वह सराहनी है। हम सबको उनके कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होने तथा उनकी ताकत बनने की जरूरत है। जितनी अधिक संख्या में लोग उनके साथ खड़े होंगे वह उतनी ही ताकत और पुरजोर तरीके से कौम व समाज की सेवा कर सकेंगे। अध्यक्षता कर रहे अब्दुल कयूम अंसारी ने ऑल इंडिया मोमिन अंसार सभा की कार्य प्रणाली और इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बिछड़े तथा अति पिछड़े वर्ग के लिए इसे एक बेहतरीन प्लेटफार्म बताया। जहां पर किसी भेदभाव और जाति वर्ग को देखे बिना सेवाभाव से काम किया जा रहा है। उन्होंने मोमिन अंसार सभा के तमाम कार्यकर्ताओं से अधिवेशन में पहुंच कर उसे कामयाब बनाने की अपील की। नगर कार्यकारिणी के जनरल सेक्रेट्री मोहम्मद बिलाल अंसारी ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लोगों से मोमिन अंसार सभा से जुड़ने तथा 26 अप्रैल को लखनऊ पहुंचने की अपील की। इस अवसर पर उपाध्यक्ष मोहम्मद शाहनवाज अंसारी, कोषाध्यक्ष कमरुल हक अंसारी, संरक्षक हाजी मोहम्मद ताहिर अंसारी, ऐनुल हक अंसारी, नजमुल हक अंसारी, अहमद अंसारी, मोहम्मद अयान अंसारी आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

# शटडाउन के बावजूद दौड़ा करंट, लाइनमैन झुलसा

न्यूज वाणी ब्यूरो

हल्दौर, बिजनौर। गांव अम्हेड़ा में रविवार को बिजली विभाग की लापरवाही के चलते एक बड़ा हादसा हो गया। बिजली लाइन की मरम्मत कर रहे संविदा लाइनमैन करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए।

जानकारी के अनुसार, सिसौना बिजलीघर पर तैनात नसीरपुर निवासी सुभाष कुमार (38) को अम्हेड़ा गांव में लाइन ठीक करने के लिए भेजा गया था। बताया जाता है कि लाइनमैन ने काम शुरू करने से पहले बिजलीघर से शटडाउन लिया था, जिसके बाद वह खंभे पर चढ़कर मरम्मत कार्य में जुट गए। इसी बीच अचानक लाइन में करंट दौड़ गया, जिससे सुभाष कुमार को तेज झटका लगा और वह खंभे से नीचे गिर पड़े। हादसे के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत बिजली सप्लाई बंद कराई और परिजनों को सूचना दी। गंभीर रूप से घायल लाइनमैन को आनन–फानन में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। घटना के बाद बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं और मामले की जांच की मांग की जा रही है।

# 250 पद पर होगी सीधी भर्ती

## – समस्त ब्लॉकों में रिक्त स्थानों पर होगी भर्ती

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जिले मे सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाईजर के लिए भर्ती कैम्प एसआईएस सिक्योरिटी द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए सुरक्षा जवान, सुरक्षा सुपरवाइजर एवं सुरक्षा अधिकारी भर्ती कैंप का अयोजन 22 अप्रैल को एका ब्लॉक, 23 अप्रैल को नारखी ब्लॉक, 24 अप्रैल को शिकोहाबाद ब्लॉक, 25 अप्रैल को शिकोहाबाद ब्लॉक, 27 अप्रैल को फिरोजाबाद ब्लॉक में होगा। भर्ती कैम्प का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक रहेगा। कमांडेंट कार्यालय राकेश चौधरी ने बताया कि सुरक्षा जवान के लिए 10 वीं कक्षा उत्तीर्ण बेरोजगार युवा की उम्र 19 से 40 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। अभ्यर्थी की ऊँचाई 168 से 170 सेमी एवं वजन 55 से 90 किलोग्राम होना आवश्यक है। अभ्यर्थी अपनी 10 वीं व 12 वीं सहित समस्त शैक्षिक एवं प्रशैक्षिक योग्यता की अंकसूची, आधार कार्ड, पेन कार्ड की फोटोकॉपी एवं दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ भर्ती कैम्प में उपस्थित होकर आवेदन कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 9528537814, 7073744937 कमांडेंट कार्यालय राकेश चौधरी ने बताया कि चयनित युवाओं को भारत सरकार एवं राजस्थान के औद्योगिक क्षेत्र में जैसे दिल्ली जयपुर एम्स कानपुर, आईआईटी कानपुर आगरा लखनऊ मेट्रो, मुगल होटल होटल, ताजमहल आगरा किला, सिकंदरा का किला, मेडिकल कॉलेज, धार्मिक स्थल, प्रेम मंदिर वृंदावन गोवर्धन, प्राइवेट सेक्टर इंडस्ट्रीज कैश लॉजिस्टिक बैंक आदि में नियुक्ति दी जाएगी। सुरक्षा जवान को 14 हजार से 22 हजार व सुरक्षा सुपरवाईजर को 18 हजार से 25 हजार, स्नातक पास मासिक वेतन के साथ 65 वर्ष तक स्थाई नौकरी प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही पीएफ, पेंशन, जीवन बीमा, मेडिकल, सालाना वेतन में वृद्धि, प्रमोशन, आवास एवं मेस आदि सुविधाएं भी दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 9528537814, 7073744937 पर संपर्क कर सकते हैं।

# जनगणना प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों के विरुद्ध जिला प्रशासन सख्त

न्यूज वाणी ब्यूरो



फिरोजाबाद। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विशु राजा ने प्रशिक्षण सत्र से अनुपस्थित रहने वाले प्रगणकों और सुपरवाइजरों के खिलाफ जनगणना अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्रशिक्षण के प्रथम दिन ही सभी कार्मिकों को कड़े शब्दों में चेतावनी दी गई थी, साथ ही उन्हें अवगत कराया गया था की जनगणना जैसा राष्ट्रीय कार्य अनिवार्य है, इसमें किसी भी प्रकार की अनुपस्थिति या लापरवाही पाए जाने पर सीधे जनगणना अधिनियम के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने कहा कि राष्ट्रीय महत्व के कार्यों में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों को बख्शा नहीं जाएगा, प्रशिक्षण सत्र का उद्देश्य कार्य को त्रुटिहीन बनाना है, ऐसे में अनुपस्थिति सीधे तौर पर कार्यों में बाधा डालने के समान है।

# परशुराम शिविर में हवन-पूजन, भव्य फूल बंगला सजाया

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर महर्षि भगवान परशुराम जन्मोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस उपलक्ष्य में रामलीला मैदान स्थित भगवान परशुराम शिविर में विधिवत हवन–पूजन का आयोजन किया गया तथा प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिलाध्यक्ष पंडित शिव कुमार शर्मा एडवोकेट के निर्देशन में संपन्न हुआ। हवन–पूजन का अनुष्ठान



पंडित आचार्य राकेश राजोरिया द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुति देकर समाज की सुख–समृद्धि एवं शांति की कामना की। इस अवसर पर विशेष रूप से परशुराम शिविर को आकर्षक एवं भव्य फूल बंगले से सजाया गया, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो उठा। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष पंडित शिव कुमार शर्मा, महिला जिलाध्यक्ष पंडित मिथलेश शर्मा, महर्षि भगवान परशुराम शोभा यात्रा अध्यक्ष पंडित सुनील वशिष्ठ, संयोजक लक्ष्मण तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष पंडित संदीप तिवारी, पंडित उमाकांत पचौरी, पंडित कमलेश शर्मा, पंडित मीनाक्षी मिश्रा, पंडित योगेंद्र मोहन शर्मा, पंडित केशव पचौरी, पंडित प्रशांत वशिष्ठ, पंडित शुभम शर्मा बिट्टू, पंडित अश्वनी राजोरिया, पंडित आशीष दीक्षित, पंडित नरेंद्र वशिष्ठ, पंडित तरुण उपाध्याय, पंडित सारांश उपाध्याय और पंडित राजेश शर्मा समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इसी क्रम में एक विशेष अवसर पर जिला ब्राह्मण महासभा फिरोजाबाद (पंजी.त) द्वारा वरिष्ठ पत्रकार पंडित महेंद्र शर्माजी के सेवानिवृत्त होने पर उनका सम्मान किया गया। इस दौरान उन्हें शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया, जिस पर उपस्थित जनों ने उनके योगदान की सराहना की। इस आयोजन ने धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक एकता का संदेश भी दिया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता देखने को मिली।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213
एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# लखनऊ के जननायकों की विरासत : तहजीब, मुस्कान और संवाद

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ। पहले आप–की संस्.ति, अदब और नफासत की परंपरा और दिलों को जोड़ने वाली संवाद शैली, ये सब मिलकर लखनऊ को अन्य शहरों से अलग बनाते हैं लेकिन इस



शहर की पहचान केवल उसकी संस्.ति तक सीमित नहीं है, इसकी राजनीतिक विरासत भी उतनी ही समृद्ध और प्रेरक रही है। यहां राजनीति केवल सत्ता का खेल नहीं रही, बल्कि जन संवाद का एक माध्यम रही है, एक ऐसा माध्यम, जिसमें नेता और जनता के बीच, अपनत्व का रिश्ता होता है। इसी परंपरा ने इस शहर को ऐसे जननायक दिए, जिन्होंने न केवल लखनऊ का प्रतिनिधित्व किया, बल्कि लोगों के दिलों में अपना घर बनाया, एक गहरा अपने पन का रिश्ता कायम किया। इस संदर्भ में अटल बिहारी बाजपेई का नाम सबसे पहले याद आता है। अटल जी केवल एक राजनेता नहीं थे, बल्कि संवाद के शिल्पी थे। न उनके शब्दों में संवेदना, और उनके व्यक्तित्व में वह आत्मीयता थी, जो हर वर्ग के व्यक्ति को अपना बना लेती थी। लखनऊ से उनका रिश्ता केवल चुनावी नहीं था, यह एक भावनात्मक बंधन था, जो वर्षों तक कायम रहा। अटल जी के बाद इस परंपरा को आगे बढ़ाने में लालजी टंडन का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। टंडन जी ने संगठन और जनसंपर्क के बीच एक संतुलन स्थापित किया। वे कार्यकर्ताओं के नेता थे, लेकिन आम जनता के लिए भी उतने ही सुलभ थे। उनकी राजनीति में कठोरता कम और मानवीयता अधिक दिखाई देती थी। इसके बाद लखनऊ की इस विरासत को नई ऊंचाई देने का कार्य राजनाथ सिंह ने किया। राजनाथ सिंह ने प्रशासनिक दक्षता और व्यक्तिगत सहजता के बीच एक अद्भुत संतुलन स्थापित किया। उन्होंने यह साबित किया कि एक नेता कठोर निर्णय लेने के साथ–साथ विनम्र और सुलभ भी रह सकता है। लेकिन समय के साथ राजनीति का स्वरूप बदलता गया। ऐसे समय में जब राजनीति अधिक प्रबंधित और कम मानवीय होती जा रही है, तब यदि कोई नेता अपनी सहजता और उपलब्धता के कारण चर्चा में आता है, तो वह स्वाभाविक रूप से ध्यान आकर्षित करता है। वर्तमान परिदृश्य में यह भूमिका बृजेश पाठक के रूप में उभरती दिखाई देती है। ब्रजेश पाठक का व्यक्तित्व इस मायने में विशेष है कि वे आधुनिक राजनीति के बीच पुराने लखनऊ की आत्मा को जीवित रखने का प्रयास करते प्रतीत होते हैं। उनकी सबसे बड़ी विशेषता उनकी उपलब्धता है, एक ऐसा गुण, जो आज के समय में दुर्लभ होता जा रहा है। सप्ताह के निश्चित दिनों में आम जनता के लिए उनके दरवाजे खुले रहते हैं, और यह केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि एक वास्तविक जनसंवाद का माध्यम है। हर कोई इस बात की तस्दीक करेगा। उनसे हर मुलाकात एक नया अनुभव देती है, जैसे कोई किताब, हर बार नया पन्ना खोल देती हैं। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि बृजेश पाठक की कार्यशैली में वह आत्मीयता झलकती है, जो कभी अटल जी और टंडन जी के समय में देखने को मिलती थी। उनसे मिलने वाला व्यक्ति केवल अपनी समस्या नहीं बताता, बल्कि एक अपनत्व का अनुभव लेकर लौटता है। यही कारण है कि जो व्यक्ति एक बार उनसे मिलता है, वह केवल परिचित नहीं रहता, बल्कि एक भावनात्मक जुड़ाव महसूस करता है। लखनऊ की राजनीति में जनप्रतिनिधि और जननायक के बीच का अंतर हमेशा स्पष्ट रहा है। जनप्रतिनिधि वह होता है, जो जनता का प्रतिनिधित्व करता है, लेकिन जननायक वह होता है, जो जनता के जीवन का हिस्सा बन जाता है। जननायक बनने के लिए केवल पद पर्याप्त नहीं होता, इसके लिए संवेदनशीलता, निरंतर उपलब्धता और लोगों के प्रति वास्तविक प्रतिबद्धता आवश्यक होती है। बताते चले कि ब्रजेश पाठक एकमात्र ऐसे राजनीतिज्ञ हैं, जो अपने छात्र जीवन से लेकर, आज तक लगातार लखनऊ के सेवा क्षेत्र में सर्वसुलभ रहे हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय की छात्र राजनीति से अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत करने वाले पाठक के लिए लखनऊ में सभी कुछ उनके निजी रिश्तों में बंधा है। पाठक की दूसरी सबसे बड़ी विशेषता यह हैं कि पारिवारिक स्तर पर भी वह लखनऊ के लिए सहोदर बन कर रहते हैं। इसका सबसे बड़ा प्रमाण है कि उनके हर कदम से कदम मिला कर उनकी धर्मपत्नी, नम्रता पाठक सदैव लोगों के लिए सहजभाव से सक्रिय रहती हैं और सार्वजनिक जीवन में ब्रजेश पाठक के लिए संबल बन जाती हैं। ब्रजेश पाठक इस कसौटी पर किस हद तक खरे उतरते हैं, यह समय तय करेगा, लेकिन वर्तमान में उनकी कार्यशैली उन्हें इस दिशा में अग्रसर अवश्य करती है। उनकी मुस्कान, उनका व्यवहार, और हर व्यक्ति के प्रति उनका सम्मान, ये सभी गुण उन्हें आम नेताओं से अलग बनाते हैं। यहां बातचीत केवल शब्दों का आदान–प्रदान नहीं होती, बल्कि एक भावनात्मक जुड़ाव का माध्यम होती है। ब्रजेश पाठक की शैली इस तहजीब का राजनीतिक रूपांतरण प्रतीत होती है। उनके यहां आने वाला हर व्यक्ति, चाहे वह किसी भी वर्ग या पृष्ठभूमि से हो, स्वयं को सम्मानित महसूस करता है। हालांकि, किसी भी उभरते नेतृत्व के सामने सबसे बड़ी चुनौती होती है, अपेक्षाओं पर खरा उतरना। आज लखनऊ की जनता ब्रजेश पाठक में एक भरोसा देख रही है, लेकिन यह भरोसा केवल व्यक्तिगत व्यवहार तक सीमित नहीं रह सकता। इसे नीतिगत निर्णयों, प्रशासनिक दक्षता और दीर्घकालिक परिणामों में भी परिवर्तित होना होगा। यहां यह प्रश्न भी महत्वपूर्ण है कि क्या उनकी यह जनसंपर्क शैली, शासन–प्रशासन की जटिलताओं के बीच उतनी ही प्रभावी रह पाएगी? क्या व्यक्तिगत उपलब्धता और आत्मीयता, प्रशासनिक कठोरता के साथ संतुलन बना पाएगी? यही वे प्रश्न हैं, जो किसी भी नेता को लोकप्रिय से महान बनने की यात्रा में तय करने होते हैं। ब्रजेश पाठक की एक और महत्वपूर्ण भूमिका है, संगठन और सरकार के बीच सेतु का कार्य करना। भारतीय जनता पार्टी जैसे बड़े संगठन में कार्यकर्ताओं की अपेक्षाएं और सरकार की प्राथमिकताएं कई बार अलग हो सकती हैं। ऐसे में एक ऐसा नेता, जो दोनों के बीच संतुलन बना सके, अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। उनकी कार्यशैली यह संकेत देती है कि वे इस भूमिका को निभाने में सक्षम हो सकते हैं। कार्यकर्ताओं के लिए उनकी उपलब्धता और सरकार में उनकी सक्रिय भूमिका, दोनों ही इस बात की पुष्टि करते हैं कि वे केवल एक प्रशासक नहीं, बल्कि एक कुशल प्रबंधक भी हैं। लखनऊ की राजनीतिक विरासत केवल नामों की श्रृंखला नहीं है, यह एक विचारधारा, एक भावना और एक परंपरा का निरंतर प्रवाह है। अटल जी, टंडन जी और राजनाथ सिंह ने इस प्रवाह को अपने–अपने समय में आगे बढ़ाया। अब प्रश्न यह है कि क्या यह प्रवाह उसी आत्मीयता और विश्वास के साथ आगे बढ़ पाएगा? इस संदर्भ में ब्रजेश पाठक एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में उभरते हैं। वे इस विरासत को केवल आगे बढ़ाने का प्रयास नहीं कर रहे, बल्कि उसे वर्तमान समय के अनुरूप ढालने का भी प्रयास कर रहे हैं। अंततः लखनऊ की राजनीति में विरासत केवल पदों और नामों से नहीं चलती, यह उस एहसास से चलती है, जो जनता के दिलों में बसता है। यदि नेता अपने व्यवहार, अपने संवाद और अपनी संवेदनशीलता के माध्यम से उस एहसास को जीवित रख पाता है, तो वह केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि एक जननायक बन जाता है। आज के दौर में, जब राजनीति में दूरी बढ़ रही है, यदि कोई नेता उस दूरी को कम करने का प्रयास करता है, तो वह केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक परंपरा का प्रतिनिधि बन जाता है। लखनऊ की मिट्टी में जो अपनापन है, जो मिठास है, जो संवाद की संस्.ति है, यदि वह जीवित है, तो लखनऊ की पहचान भी जीवित है। और यदि वह पहचान किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व में प्रतिबिंबित होती दिखाई देती है, तो यह कहना गलत नहीं होगा कि वह व्यक्ति केवल वर्तमान का नेता नहीं, बल्कि भविष्य की विरासत भी है।

# लेडी फातिमा चिल्ड्रेन एकेडमी में शोकसभा में ईरानी

## – बच्चों को दी श्रद्धांजलि

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ। लेडी फातिमा चिल्ड्रेन एकेडमी में ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह सैयद अली खामेनई के लिए एक शोक सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर बच्चों ने आयतुल्लाह खामेनई को श्रद्धांजलि अर्पित की और 28 फरवरी को ईरान के मिनाब में अमेरिका और इजराइल के संयुक्त हमले में शहीद हुई शाजरे तैय्यबा गर्ल एलिमेंट्री स्कूल की छात्राओं को याद किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों और स्टाफ ने मिनाब के स्कूल के बच्चों की याद में पेंटिंग्स बनाईं और शहीद बच्चों के परिजनों के प्रति एकजुटता व्यक्त की। आयतुल्लाह अली हुसैन सिस्तानी के कार्यालय के प्रतिनिधि मौलाना मोहम्मद हुसैन ने कहा कि पिछले कुछ महीनों से ईरान निर्दोष लोगों, खासकर स्कूली बच्चों की हत्या बेहद दुखद है। उन्होंने कहा कि भारत समेत दुनिया भर के लोग आयतुल्लाह खामेनई और करीब 165 स्कूली बच्चों की मौत से दुखी हैं। एकेडमी के मैनेजर प्रो. आगा परवेज मसीह ने कहा कि प्रतिबंधों के बावजूद ईरान ने शिक्षा के क्षेत्र में कभी समझौता नहीं किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा हर बच्चे का मौलिक अधिकार है, लेकिन स्कूलों को निशाना बनाना अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के खिलाफ है। प्रिंसिपल रेशमा हसन ने कहा कि भारतीय छात्र मीनाब घटना की निंदा करते हैं। पत्रकार असद रिजवी ने कहा कि छात्रों को निशाना बनाना शिक्षा का विरोध है और यह अज्ञानता फैलाने की कोशिश है।



# 45 डिग्री की तपिश में शिक्षकों ने राहगीरों को बाटे गमछे

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। अप्रैल माह में ही 45 डिग्री तापमान के साथ एशिया के सबसे गर्म जिले के रूप में चर्चा में आए बांदा में भीषण गर्मी और लू ने जनजीवन प्रभावित कर दिया है। तपती धूप में राहगीरों, श्रमिकों और आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे हालात में शिक्षक अंकित दीक्षित, नीरज द्विवेदी और राहुल साहू ने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए राहगीरों को गर्मी से बचाव के लिए गमछों का वितरण किया। शहर के प्रमुख मार्गों पर चलाए गए इस अभियान के दौरान शिक्षकों ने राह चलते लोगों को गमछे बांटे और उन्हें सिर ढककर चलने, पर्याप्त पानी पीने तथा लू से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया। भीषण गर्मी के बीच यह पहल राहगीरों के लिए राहत लेकर आई। शिक्षक अंकित दीक्षित ने बताया कि इस तरह के जनहित कार्य आगे भी बांदा के अनेक स्थानों पर जारी रहेंगे और जरूरतमंद लोगों तक राहत पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के बीच लोगों की सेवा करना प्राथमिकता है। इस दौरान नीरज द्विवेदी और राहुल साहू ने भी इस अभियान को लगातार जारी रखने की बात कही। स्थानीय लोगों ने इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे सेवा और संवेदनशीलता की मिसाल बताया। भीषण गर्मी के दौर में शिक्षकों की यह पहल चर्चा का विषय बनी हुई है।



# नियम विरुद्ध चकबंदी प्रक्रियाओं से किसानों का रोका जाए उत्पीड़न

## – बबेरू विधायक ने आयुक्त एवं जिलाधिकारी को भेजा पत्र

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। उपर्युक्त विषयक मेरे विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पंचायत अलिहा द्वारा पारित प्रस्ताव दि०–17.04.2026 तथा ग्राम प्रधान सहित भारी संख्या में ग्रामवासियों द्वारा हस्ताक्षरित शिवराम आदि प्रार्थना पत्र संलग्न किया जा रहा है, जिनके माध्यम से कहा गया है कि ग्राम अलिहा में प्रारम्भ की गई चकबन्दी प्रक्रिया में नीरज कुमार, ए०सी०ओ० बबेरू द्वारा उ०प्र० जो०चक० नियमावली के नियम–34 (1) () – (इ) का उल्लंघन करके उनकी .षिक भूमि की बिना गाटा–दर–गाटा मौके पर नाप, बिना मौके पर मैपिंग ६ सर्वेक्षण के फर्जी तौर पर प्रत्येक गाटा का काफी रकबा कम करके त्रुटिपूर्ण (थंम) आकार पत्र–5 जारी किए जा रहे हैं जिनके संशोधन ६ दुरूस्ती के कई हजार की संख्या में अनावश्यक विवाद (छममकसमे ब्वदजतंअमतबपमे) चकबन्दी न्यायालयों में दायर करने पड़ेंगे जिससे किसानों का भारी उत्पीड़न एवं शोषण होगा तथा आगे उनके अधिकार के अभिलेख 41 व 45 भी स्वतः गलत होने के परिणामस्वरूप वह तबाह हो जायेंगे। मेरे द्वारा आज ग्राम में पहुंचकर किसानों की व्यथा सुनी गयी और यह पाया गया कि बिना मौके की नाप च सर्वे के फर्जी तौर पर जारी किये गये आकार पत्र–5 से चकबन्दी विभाग द्वारा इन किसानों का निर्विवादरूप से गम्भीर उत्पीडन एवं शोषण होगा। अतः आपसे अनुरोध है कि रू– ग्राम पंचायत के संलग्न प्रस्ताव दिनांक 17.04.2026 तथा ग्रामवासियों के प्रार्थना पत्र के अनुसार ए०सी०ओ० बबेरू द्वारा जो०च० नियमावली के नियम–34(1)() – (इ) का उल्लंघन करके बिना गाटा–दर–गाटा नाप सर्वेध्मैपिंग के उनका रकबा कम अंकित करके फर्जी (थंम) रूप से जारी किये गये आकार पत्र–5 पर तत्काल अग्रेतर कार्यवाही स्थगित की जाय और इस फर्जीवाड़ा की जांच उपजिलाधिकारी बबेरू से कराकर दोषियों को दण्डित किया जाये। ग्राम पंचायत के प्रस्ताव दिनांक 17.04.2026 तथा ग्रामवासियों के प्रार्थना पत्र के अनुसार उ०प्र० चकबन्दी नियमावली में हुये संशोधन 2025 के अनुसार ग्राम के 75 प्रतिशत खाताधारकों की नियमावली में निर्धारित प्रारूप पर लिखित सहमति प्राप्त करने के उपरान्त ही तदनुरूप गाँव में चकबन्दी का अग्रेतर निर्णय लिया जाय। उल्लेखनीय है कि किसी भी दशा में मेरे क्षेत्र के किसानों का उपरोक्त शोषण तथा नियमों के विरूद्ध चकबन्दी विभाग की मनमानी बर्दास्त नही की जायेगी और अन्यथा की दशा में यह प्रकरण सदन उच्च स्तर में उठाया जायेगा।

# मॉडिफाइड साइलेंसर की बिक्री पर होगी कारावास लगेगा भारी अर्थदण्ड

**- वाहन चालक का तीन माह तक सस्पेंड रहेगा लाइसेन्स साथ में 10 हजार का अर्थदण्ड**

**- वाहन स्वामियों पर भी लगेगा 05 हजार का अर्थदण्ड**

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। यदि कोई डीलर या वर्कशॉप संचालक मॉडिफाइड साइलेंसर या शोर करने वाले उपकरण बेचते या वाहनों में फिट करते पाया जाता है, तो मोटर वाहन अधिनियम की धारा 182ए (3) के तहत 01 वर्ष का कारावास या रू. 01 लाख प्रति उपकरण का जुर्माना लगाया जाएगा। इसी प्रकार मानक के विपरीत साइलेंसर लगवाने वाले वाहन स्वामियों पर धारा 182ए (4) के तहत 06 माह तक की जेल या रू. 05 हजार प्रति परिवर्तन का जुर्माना देय होगा। इसी प्रकार मानकों का उल्लंघन करने पर धारा 53 (1) के तहत वाहन का पंजीकरण (आर.सी.) निलंबित कर दिया जाएगा। साथ ही, संबंधित चालक का ड्राइविंग लाइसेंस 03 माह के लिए निरस्त किया जाएगा और रू. 10 हजार का आर्थिक दंड भी लगाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मा. उच्च न्यायालय द्वारा जनहित याचिका संख्या 15385ध्2021 में ध्वनि प्रदूषण के विरुद्ध पारित आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय में वाहन डीलरों, गैराज संचालकों एवं वर्कशॉप स्वामियों के साथ आयोजित बैठक के दौरान ए.आर.टी.ओ. प्रशासन एस.कुमार ने उक्त जानकारी प्रदान की। श्री कुमार ने सभी सम्बन्धित को सचेत किया कि मा. उच्च न्यायालय के आदेशों के समादर में वाहनों में निर्धारित मानकों के विपरीत ध्वनि उत्पन्न करने वाले उपकरणों व मॉडिफाइड साइलेंसरों का प्रयोग कदापि न करें, इस प्रकार के उपकरण पूरी तरह प्रतिबंधित है। जनपद में शांति व्यवस्था व पर्यावरण सुरक्षा हेतु जनपद में निरन्तर अभियान संचालित किया जायेगा। श्री कुमार ने बताया कि इसके लिए प्रवर्तन टीमें को निर्देश दिया गया है कि सड़कों एवं मार्गो पर पुलिस विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर सघन चेकिंग करें और अवैध साइलेंसर, हूटर, प्रेशर हॉर्न एवं ध्वनि प्रदूषण करने वाले उपकरण मिलने पर मौके पर ही कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने जिले के सभी डीलरों को भी निर्देशित किया है कि वह अपनी दुकान, प्रतिष्ठान, वर्कशॉप अथवा शो रूम के बाहर ऐसे उपकरणों का प्रयोग न करने सम्बन्धी चेतावनी के बोर्ड भी लगाएं ताकि आम जनता जागरूक हो सके।




# प्रशांत की मौत मामला गरमाया : पांच नामजद समेत बीस अज्ञात पर केस

न्यूज वाणी ब्यूरो

चांदपुर, बिजनौर। गांव हैजरपुर निवासी युवक प्रशांत की पिटाई के बाद उपचार के दौरान हुई मौत का मामला अब और गंभीर हो गया है। इस प्रकरण में पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए भड़काऊ बयान देने के आरोप में 5 लोगों को नामजद करते हुए 15–20 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से लगातार भड़काऊ टिप्पणियां और बयान सामने आ रहे थे, जिससे क्षेत्र का माहौल बिगड़ने की आशंका थी। इसी को ध्यान में रखते हुए यह कार्रवाई की गई है। बताया जा रहा है कि 22 अप्रैल को प्रशांत गांव मिर्जापुर से लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में उसकी बाइक की टक्कर एक युवती की स्कूटी से हो गई। आरोप है कि टक्कर के बाद युवती के परिजनों ने प्रशांत के साथ मारपीट की, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इससे पहले पुलिस मारपीट के मामले में पांच आरोपियों को गिरतार कर उनका चालान कर चुकी है। अब मामले को लेकर सोशल मीडिया पर माहौल खराब करने और भड़काऊ बयान देने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच जारी है और जो भी व्यक्ति कानून–व्यवस्था प्रभावित करने या माहौल बिगाड़ने की कोशिश करेगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# रोजगार सेवकों की कलमबंद हड़ताल, बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो/मिश्रिख, सीतापुर। ग्राम रोजगार सेवक वेलफेयर एसोसिएशन ब्लॉक मिश्रिख के बैनर तले मनरेगा से जुड़े कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को कलमबंद हड़ताल का ऐलान किया। इस दौरान कर्मचारियों ने खंड विकास अधिकारी मिश्रिख को संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांग की। हड़ताल के आह्वान के तहत ग्राम रोजगार सेवक, कंप्यूटर ऑपरेटर, तकनीकी सहायक और लेखा सहायकों ने कार्य बहिष्कार कर विरोध दर्ज कराया। कर्मचारियों का कहना है कि लंबे समय से उनकी मांगें लंबित हैं, जिन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। ऐसे में मजबूर होकर उन्हें कलमबंद हड़ताल का रास्ता अपनाना पड़ा। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष राजाराम, अमित कश्यप महामंत्री, अश्वनी शुक्ल, सना खान, शिवसागर, रामनाथ सहित करीब आधा सैकड़ा मनरेगा कर्मी मौजूद रहे। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।



# बिजली कटी तो दूल्हा बरात लेकर पहुंचा डीएम के द्वार

## - दूल्हा सहित बरातियों ने किया जोरदार प्रदर्शन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याओं को लेकर एक अनोखा मामला सामने आया है। जहां अपनी शादी से पहले बिजली कटने और बढ़े हुए बिल से परेशान एक दूल्हा बारातियों और बैंड–बाजे के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच गया। दरअसल बरात और बैंड बाजा लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे दूल्हे कुलदीप ने बताया कि आज उसकी बारात महोबा के खन्ना जा रही थी, लेकिन विद्युत विभाग ने उसके घर की बिजली काट दी। कुलदीप के अनुसार स्मार्ट मीटर लगने के बाद से बिल दोगुना आ रहा है, जिसे चुकाना उसके लिए मुश्किल हो गया है। दुनखे ने अपनी समस्या बताते हुए कहा कि घर में रिश्तेदार मौजूद हैं और ऐसे में बिजली न होने से सभी को दिक्कत हो रही है। कुलदीप ने सवाल उठाया कि वह बिना बिजली के घर में दुल्हन को कैसे लाएगा। इसी समस्या को लेकर उसने जिलाधिकारी कार्यालय में विरोध प्रदर्शन किया। इस मामले में बुंदेलखंड इंसाफ सेना के अध्यक्ष नोमानी ने बताया कि बांदा में जगह–जगह प्रीपेड मीटर लगाए जा रहे हैं, जिससे उपभोक्ता परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि रात में बिजली काट दी जाती है और जब लोग बिजली विभाग के कार्यालय जाते हैं, तो उनसे पहले एडवांस बिल भरने को कहा जाता है। नोमानी ने यह भी बताया कि एडवांस बिल भरने के बाद भी कई बार उपभोक्ताओं का अकाउंट माइनस में चला जाता है, जिसके कारण आधी रात में भी बिजली काट दी जाती है। यह समस्या पूरे जिले में व्याप्त है।



# निकाह से इंकार पर युवती पर चाकू से हमला, आरोपी गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो/नहटौर, बिजनौर। गांव मीमला मुस्तफाबाद में रविवार पूर्वाह्न एक युवती पर चाकू से हमला किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। निकाह से इंकार करने पर आरोपी युवक घर में घुस आया और युवती को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के समय युवती अपनी मां के साथ घर पर मौजूद थी। अचानक पहुंचे आरोपी ने युवती पर ताबड़तोड़ चाकू से वार कर दिए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। शोर–शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, तो आरोपी भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन ग्रामीणों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। परिजनों के अनुसार, आरोपी युवक युवती पर लंबे समय से निकाह के लिए दबाव बना रहा था, जबकि युवती का रिश्ता कहीं और तय हो चुका था। पूर्व में भी वह इस संबंध में युवती के घर पहुंच चुका था, जहां परिजनों ने साफ इंकार कर दिया था। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। घायल युवती को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। साथ ही, पीड़िता की पहचान गोपनीय रखी जा रही है।

# बाल विवाह के खिलाफ चला सशक्त जागरूकता अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर युवराज अंबेडकर एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के खिलाफ एक जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। यह आयोजन ब्रांच नंबर 1, कैलाशपुरी पहाड़ के नीचे, अंबेडकर बस्ती



(कोचिंग परिसर) में आयोजित हुआ। अभियान में जिला प्रोबेशन कार्यालय एवं महिला कल्याण विभाग का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में महिलाओं एवं बच्चों को बाल विवाह के दुष्परिणामों, कानूनी प्रावधानों तथा शिक्षा के महत्व के बारे में विस्तार से जागरूक किया गया। सभी को यह संदेश दिया गया कि बाल विवाह एक सामाजिक अभिशाप है, जिसे मिलकर समाप्त करना आवश्यक है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कामिनी जिला प्रोबेशन कार्यालय/महिला कल्याण विभाग उपस्थित रहीं, जिन्होंने बाल विवाह रोकथाम एवं सरकारी योजनाओं की महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। कार्यक्रम का संचालन युवराज अंबेडकर एजुकेशनल ट्रस्ट के संस्थापक अंकित अंबेडकर जी के नेतृत्व में किया गया। इस अभियान को सफल बनाने में ट्रस्ट के सहयोगी साथियों पवन अंबेडकर, कुणाल श्रीवास, दीपक सेन, प्रिंस राजपूत, हर्षित सोनी, धर्मेंद्र यादव, रिंकू मोगरे, पूजा अंबेडकर, सृष्टि गुप्ता, अंजना एवं सेजल का विशेष योगदान रहा। साथ ही कार्यक्रम में ट्रस्ट के वरिष्ठ मार्गदर्शकों तिजोला प्रसाद, भगवान दास, शिवचरण समुंद्रे, हरिलाल नागर एवं राजेश का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही, जिसमें अर्चना, रूपा, मीना, पूनम, रेखा, काजल, मुस्कान एवं रज्जो सहित कई सम्मानित महिलाएं उपस्थित रहीं। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने बाल विवाह मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। इसमें में एक हेड लाइन दे दो जिसमें युवराज अंबेडकर एजुकेशनल ट्रस्ट और महिला कल्याण विभाग की भागीदारी से बाल विवाह का जागरूकता अभियान अच्छे तरीके पर बाल विभाग का जगत अभियान चला गया।

# खेतों में भीषण आग, सबमर्सिबल मशीन सहित लाखों का नुकसान

न्यूज वाणी ब्यूरो

मोहनिया। मोहनिया प्रखंड क्षेत्र के बढ़ूपर गांव में सोमवार दोपहर अचानक लगी भीषण आग ने खेतों में भारी तबाही मचा दी। आग की चपेट में आकर चारा के लिए रखा भूसा और पुआल की कुट्टी जलकर राख हो गई। इसके अलावा खेतों में लगाए गए छोटे–छोटे पेड़ और पौधे भी पूरी तरह नष्ट हो गए। इस घटना में किसान मनोज पांडेय की समरसेबल मशीन से जुड़ी पाइप, स्टार्टर केबल तार और चैंबर भी जलकर खाक हो गए। जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग अचानक लगी और देखते



ही देखते तेज हवा के कारण उसने विकराल रूप धारण कर लिया। हवा की रतार अधिक होने के कारण आग तेजी से फैलती चली गई और करीब दो किलोमीटर के दायरे को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि दूर से ही धुआं और आग का गुबार साफ दिखाई दे रहा था। आग लगने की सूचना मिलते ही ग्रामीणों में अफरा–तफरी मच गई। लोग अपने–अपने स्तर पर आग बुझाने में जुट गए। गांव के पश्चिम दिशा में रामगढ़ की ओर जाने वाली नहर से लेकर गांव की सीमा तक आग फैल गई थी, जिससे स्थिति काफी भयावह हो गई थी। हालांकि, ग्रामीणों के साहस और अथक प्रयास के कारण आग को गांव के अंदर प्रवेश करने से रोक लिया गया। यदि आग आबादी वाले क्षेत्र तक पहुंच जाती, तो एक बड़ा हादसा हो सकता था। ग्रामीणों ने बाल्टी, पाइप और अन्य संसाधनों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत यह रही कि घटना दोपहर के समय हुई, जब खेतों में पशु चराने वाले किसान मौजूद नहीं थे। यदि उस समय लोग या पशु खेतों में होते, तो जानमाल का बड़ा नुकसान हो सकता था। फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है, लेकिन आशंका जताई जा रही है कि सूखे डंठल या खेत में पड़ी ज्वलनशील सामग्री में चिंगारी लगने से आग भड़की होगी। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है और किसान अपने नुकसान को लेकर चिंतित हैं।

# शांति भंग में आठ अभियुक्त गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर/ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी एवं क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी रूपईडीहा रमेश सिंह रावत के नेतृत्व में शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप पर 08 नफर अभियक्त को गिरतार कर आवश्यक कार्यवाही हेतु सम्बंधित न्यायालय भेजा गया। शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानो से आठ नफर अभियुक्त को गिरतार किया गया।




# कैसरगंज ब्लॉक के प्रधानों ने सौंपा ज्ञापन

## - पंचायत चुनाव न होने पर कार्यकाल को बढ़ाने व बकाया मनरेगा भुगतान की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। कैसरगंज ब्लॉक में पंचायत विकास मंच के नेतृत्व में ब्लॉक के प्रधानों ने विकाश खंड अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा। इस दौरान प्रधानों ने पंचायत चुनाव समय से न होने की स्थिति में वर्तमान प्रधानों को ही प्रशासक बनाए जाने तथा मनरेगा के तहत कराए गए कार्यों का बकाया भुगतान कार्यकाल समाप्त होने से पहले कराने की प्रमुख मांग उठाई। कार्यक्रम के संयोजक सूरज शुक्ला, डॉ. श्याम चौधरी, प्रधान संघ के अध्यक्ष भगवानदीन मिश्रा, संरक्षक राम सुन्दर पांडे, महामंत्री सूर्य प्रकाश सिंह (बुल्लू सिंह), मंगल दास, विजय शुक्ल, राम छबीले निषाद, राज कुमार राव, ब्लॉक अध्यक्ष करम चंद्र गुप्ता, अजय सिंह, दिलीप सिंह, श्याम सिंह वर्मा, बाबूलाल यादव, ओम प्रकास मौर्या, नियाज अहमद, महफूज अहमद, बलराम यादव, राम सूरत सरोज सहित अन्य प्रधानों ने बताया कि मनरेगा 2005 अधिनियम के अंतर्गत पूर्व में कराए गए कार्यों का भुगतान लंबे समय से लंबित है। इससे श्रमांश और सामग्री मद में करोड़ों रुपये बकाया हो गए हैं, जिसके चलते प्रधानों पर सप्लाई करने वाले फर्मों का लगातार दबाव बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि 26 मई 2026 को प्रधानों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है, ऐसे में यदि समय रहते भुगतान नहीं हुआ तो प्रधानों और संबंधित फर्मों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो जाएगा। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि प्रदेश की पंचायतों का कार्यकाल 26 मई 2026 और 19 जुलाई 2026 को समाप्त हो रहा है। वर्तमान परिस्थितियों में समय पर चुनाव कराना चुनौतीपूर्ण प्रतीत हो रहा है। इसके पीछे मतदाता सूची के पुनरीक्षण में देरी, समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन न होना तथा आरक्षण के लिए आवश्यक ट्रिपल टेस्ट प्रक्रिया का अधूरा रहना प्रमुख कारण बताए गए हैं। संगठन ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का हवाला देते हुए कहा कि स्थानीय निकायों में आरक्षण लागू करने के लिए ट्रिपल टेस्ट अनिवार्य है और निर्वाचित संस्थाओं के स्थान पर प्रशासकों की नियुक्ति केवल अस्थायी स्थिति में ही उचित मानी जाती है। उन्होंने मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तराखंड जैसे राज्यों का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां ऐसी परिस्थितियों में निर्वाचित प्रतिनिधियों को ही कार्यभार जारी रखने दिया गया, जिससे लोकतांत्रिक व्यवस्था बनी रही। पंचायत विकास मंच ने सरकार से मांग की है कि यदि समय पर पंचायत चुनाव संभव न हो, तो वर्तमान प्रतिनिधियों का कार्यकाल बढ़ाया जाए। साथ ही चेतावनी दी कि बाहरी प्रशासकों की नियुक्ति लोकतांत्रिक परंपराओं के विपरीत होगी। ब्लॉक कैसरगंज में प्रधानो के साथ संगठन के अन्य पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# मोडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न की बिक्री पर गैराज संचालक पर होगा जुर्माना

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जनपद के समस्त डीलरों, मोटर गैराज एवं वर्कशॉप संचालकों के साथ बैठक आयोजित की गयी। उन्हें विधिक प्रावधानों से अवगत कराया गया कि मोडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न अथवा हूटर की बिकी एवं स्थापना करने वाले मोटर गैराज वर्कशॉप आदि युक्त वाहनों से उत्पन्न ध्वनि प्रदूषण के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा 182ए (3) के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, धारा 182ए (3) के तहत वर्कशॉप/गैराज संचालक पर 100000 (एक लाख रूपये) प्रति संघटक जुर्माना अधिरोपित किया जा सकता हैं। इस जुर्माने के शमन की शाक्ति उप परिवहन आयुक्त एवं उनसे ऊपर के अधिकारियों में निहित हैं। जिन वाहन स्वामियों द्वारा अपने मोटरयान में पुजों की पश्च फिटिंग के माध्यम से ऐसा परिवर्तन किया जाता है, तो उनके विरूद्ध मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा 182ए (4) के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। धारा 182ए (4) के तहत सम्बन्धित वाहन स्वामी को ऐसी अवधि के करावास से जो छः माह तक की हो सकेगी, अथवा ऐसे प्रत्येक परिवर्तन के लिए पाँच हजार रूपये तक के जुर्माने से अथवा दोनों से दंडित किया जा सकता हैं। जो कोई व्यक्ति किसी सार्वजानिक स्थान में ऐसा मोटर यान चलाएगा, अथवा चलाने देगा जिससे सड़क सुरक्षा, शोर नियत्रण एवं वायु प्रदूषण के सम्बन्ध में विहित मानकों का उल्लंघन होता हैं उनके विरूद्ध मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा 190 (2) के अर्न्तगत विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। धारा 190 (2) के तहत सम्बन्धित व्यक्ति प्रथम अपराध के लिए तीन माह तक के करावास अथवा दस हजार रूपये तक के जुर्माने अथवा दोनों से दडनीय होगा और तीन माह की अवधि के लिए अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) धारण करने हेतु निरर्हित हो जाएगा। उक्त से स्पष्ट है कि जो वाहन चला रहा है या चलवा रहा है उक्त जुर्माने के साथ–साथ उसका ड्राइविंग लाइसेंस 03 माह के लिये अयोग्य (डिसक्वालिफाइड) कर दिया जायेगा। जिन वाहनों में मोडिफाइड साइलेंसर/ध्वनि प्रदूषण उत्पन्न करने वाले उपकरण लगे पाए जाते है तथा जिनका चालान किया गया है, उनके विरूद्ध मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा 53 (1) के अन्तर्गत पंजीयन प्रमाण–पत्र (आरसी) के निलम्बन की कार्यवाही प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जायेगी। समस्त गैराज/वर्कशॉप संचालकों को निर्देशित किया गया है कि ऐसे वाहन जिनमें मोडिफाइड साइलेंसर फिटेड है का कोई भी कार्य न किया जाये तथा ऐसे वाहनों की सूचना इस कार्यालय को तत्काल उपलब्ध करायी जाये। इसलिए जनपद के समस्त वाहन स्वामियों से अनुरोध है कि अपनी वाहनों पर मोडिफाइड साइलेन्सर, प्रेशर हॉर्न, हूटर, इत्यादि को न लगवायें अन्यथा उनके विरूद्ध उपर्युक्त धाराओं के अन्तर्गत नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

# सासपारा चौराहे का सरकारी नल खराब

## - 1076 पर शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। जनपद के सासपारा चौराहे पर लगा सरकारी नल पिछले कई दिनों से खराब पड़ा हुआ है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी में पानी की किल्लत ने आमजन की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। स्थानीय नागरिकों के अनुसार, इस समस्या को लेकर 28 तारीख को मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। इसके साथ ही जल है तो कल अभियान के तहत 1076 हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन इसके बावजूद अब तक न तो नल की मरम्मत कराई गई है और न ही किसी संबंधित अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया है। लोगों का कहना है कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ तभी संभव है जब उनका सही तरीके से संचालन और रखरखाव हो। फिलहाल सासपारा चौराहे का यह नल खराब होने से लोगों को दूर–दूर से पानी लाना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द खराब पड़े नल को ठीक कराया जाए। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि समस्या का समाधान जल्द नहीं हुआ तो वे प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।



# 82 लाख रुपए की अवैध शराब का हुआ विनिष्टीकरण

## - चौबिया पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में अपराध नियंत्रण और मादक पदार्थों के निस्तारण के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध शराब का विनष्टिकरण किया। न्यायालय के आदेश पर तीन अभियोगों से संबंधित लगभग 9430 लीटर अवैध शराब, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 82 लाख रुपये है, को जेसीबी मशीन के माध्यम से नष्ट किया गया। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण में थाना चौबिया पुलिस, अभियोजन और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की गई। न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में विभिन्न मामलों में बरामद अवैध और देशी शराब को विधिक प्रक्रिया के तहत नष्ट किया गया। कार्यवाही उपजिलाधिकारी न्यायिक सैफई रोहित कुमार, सहायक अभियोजन अधिकारी अजेय यादव और क्षेत्राधिकारी सैफई कुशलपाल सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुई। नियमानुसार शराब के नमूने सुरक्षित किए गए और शेष शराब को जेसीबी मशीन से नष्ट कराया गया। पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी कर पारदर्शिता सुनिश्चित की गई। विनष्ट की गई शराब थाना चौबिया पर पंजी.त तीन मामलों से संबंधित थी। इनमें मु0अ0सं0 41/23 धारा 60, 63, 72 आबकारी अधिनियम व 420 467 468 471 120बी भादवि, मु0अ0सं0 93/24 धारा 60 63 72 आबकारी अधिनियम व 318(4) 338 336(3) 340(2) 61(2) बीएनएस तथा मु0अ0सं0 138/24 धारा 60 63 72 आबकारी अधिनियम व 318(4) 338 336(3) 340(2) 61(2) बीएनएस शामिल हैं। पुलिस ने स्पष्ट किया कि अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, बिक्री और परिवहन के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। आमजन से अपील की गई है कि अवैध शराब से संबंधित किसी भी सूचना को तुरंत पुलिस तक पहुंचाएं, ताकि प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।



# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन नौ मई को

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश राजेश कुमार सिंह के निर्देशानुसार नौ मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विनोद कुमार यादव ने आमजन से अपील की है कि लोक अदालत का अधिकाधिक लाभ उठायें। सचिव श्री यादव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री–लिटिगेशन हेतु धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम (एन.आई.एक्ट), बैंक वसूली एवं टेलीफोन बिल्स से सम्बन्धित प्रकरण, श्रम विवाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद (अशमनीय वादों को छोड़कर), अन्य आपराधिक शमनीय वाद, वैवाहिक व अन्य सिविल वादों का अधिकाधिक संख्या में निस्तारण किया जायेगा तथा सुलह–समझौते के आधार पर जनपद न्यायालय में लम्बित वाद में आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवाद सहित किन्तु अशमनीय विवादों को छोड़कर), सर्विस विवाद से सम्बन्धित वेतन, भत्ता और सेवानिवृत्ति लाभ के मामले, राजस्व वाद एवं अन्य सिविल वादों (किरायेदारी, सुखाधिकार, निषेधाज्ञा वाद, विशिष्ट अनुतोष वाद) आदि का निस्तारण किया जायेगा।

# पीएसी में टेंडर आमंत्रित

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। 28 वीं वाहिनी पीएसी में वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए लेखन सामग्री क्रय हेतु टेंडर आमंत्रित किए गए हैं। यह जानकारी सेनानायक अनिरुद्ध कुमार द्वारा दी गई। जारी सूचना के अनुसार टेंडर 29 अप्रैल को दोपहर 12 बजे तक जमा किए जाएंगे, जिन्हें उसी दिन अपराह्न 3 बजे खोला जाएगा। टेंडर फॉर्म की फीस 100 रुपये निर्धारित की गई है। टेंडर में दी गई दरें टेंडर खुलने की तिथि से 31 मार्च 2027 तक मान्य रहेंगी। सभी दरें शुद्ध होनी चाहिए और 28वीं वाहिनी पीएसी इटावा तक सामान पहुंचाने तक का खर्च शामिल होना आवश्यक है। दरें मैट्रिक प्रणाली में दी जाएंगी तथा गिनती की वस्तुओं के लिए प्रति दर्जन का उल्लेख करना होगा। निर्देश दिए गए हैं कि फर्म अपनी सभी शर्तें स्पष्ट रूप से लिखें और दरें साफ–साफ अंकित करें। अंकों में ओवरराइटिंग या किसी प्रकार का संशोधन स्वीकार नहीं किया जाएगा। टेंडर में तालिका की क्रम संख्या अंकित करना अनिवार्य होगा। यदि किसी वस्तु पर उत्तर प्रदेश सरकार का रेट कॉन्ट्रैक्ट लागू है तो उसका विवरण, संख्या और तिथि भी अंकित करनी होगी। यह भी स्पष्ट किया गया है कि कार्यालय टेंडर को स्वीकार या अस्वीकार करने के लिए कारण बताने के लिए बाध्य नहीं होगा। निर्धारित तिथि और समय के बाद प्राप्त किसी भी टेंडर को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# आदर्श बजरंग इंटर कालेज में लगा टीबी जागुरूकता शिविर

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के अर्न्तगत सोमवार को आदर्श बजरंग इण्टर कालेज में टीबी जागुरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित छात्र छात्राओं एवं विद्याालय स्टाफ को टीबी के लक्षण जैसे 2 हते से खासी आना, मुंह से खून आना, बुखार आना, थकान होना, सीने में दर्द होना, सांस लेने में तकलीप होना, रात में पसीना आना, गर्दन में गिल्टी, गांठ, बांझपन, आदि लक्षण के बारें में बताया गया कि उच्च जोखिम वाली जनसंख्या जैसे कि 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति, मधुमेह से पीड़ित व्यक्ति, एचआईवी से ग्रसित, लम्बी बीमारी से ग्रसित व्यक्ति को टीबी होने की सम्भावना अधिक रहती है ऐसे व्यक्तियों को सतर्क रहना है एवं समय से बलगम तथा एक्सरे की जांच कराना है। टीबी का इलाज छः माह तक दिया जाता है एवं दवायें सम्बन्धित टीबी मरीज के निवास स्थान के पास डाट्स सेन्टर में उपलब्ध करायी जाती है। इसमें संदिग्ध टीबी मरीजों के बलगम की जांच नॉट मशीन द्वारा जनपद के चिकित्सा इकाई जिला क्षय रोग उन्मूलन केन्द्र, सीएचसी बबेरू, जसपुरा, अतर्रा, नरैनी, बहेरी, पीएचसी तिन्दवारी, कमासिन, बिसण्डा, कालिन्जर, में निःशुल्क की जाती है एवं टीबी मरीज को निःक्षय पोषण योजना के अर्न्तगत रू0 1000 प्रति माह इलाज समाप्ति तक डीबीटी के माध्यम से मरीज के खाते में भेजे जाते है। टीबी का इलाज समस्त सामुदायिक स्वा० केन्द्र/प्राथमिक स्वा० केन्द्र में निशुल्क दिया जाता है। शिविर में छात्र छात्राओं एवं शिक्षको की उपस्थिति रही। 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के अर्न्तगत सोमवार को निक्षय शिविर का आयोजन ग्राम चन्दवारा, चहितारा, महोखर एवं सिधल्ला, में किया जा रहा है। जिसमें हैण्ड हेल्ड मशीन से एक्सरे, ब्लडप्रेसर, शुगर, बीएमआई एवं हीमोग्लोबिन की जांच भी की गई। जगुरूकता शिविर में जिला क्षय रोग उन्मूलन केन्द्र से गनेश प्रसाद डीपीपीएमसी एनटीईपी इन्द्र कुमार साहू एसटीएलएस एवं इण्टर कालेज से शिक्षक गण आदि उपस्थित रहें।



# बेकाबू डंपर ने फैक्ट्री कर्मी को रौंदा, 200 मीटर तक घसीटा, मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

चौडागरा, फतेहपुर। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के चौडगरा कस्बे में बिंदकी रोड स्थित लंबरदार मार्केट के सामने सोमवार को एक तेज रतार अनियंत्रित डंपर ने साइकिल सवार फैक्ट्री कर्मी को कुचल दिया। हादसे में कर्मी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। डंपर चालक शव को करीब 200 मीटर तक घसीटता चला गया। मृतक की पहचान श्यामू सिंह (37) पुत्र लाला सिंह कछवाह,



निवासी साई चौडगरा के रूप में हुई। मृतक विवाहित था। मौके पर पहुंची पत्नी शिखा शव से लिपटकर बिलख बिलख रोती रही। घटना से दोनो बच्चो पुत्री रक्षा 11 वर्ष, पुत्र प्रांजुल 7 वर्ष का रो रो कर बुरहाल रहा। मृतक चौडगरा स्थित बोरिया फैक्ट्री में काम करते थे और खाना खाकर साइकिल से वापस फैक्ट्री लौट रहे थे, तभी पीछे से आ रहे खाली डंपर ने टक्कर मार दी। हादसा देख दुकानदारों और ग्रामीणों ने शोर मचाकर डंपर को रुकवाया और चालक को पकड़कर पुलिस को सूचना दी। घटना से गुस्साए लोगों ने जाम लगाने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस के समझाने पर परिजन मान गए। परिजनों ने करीब एक घंटे तक शव नहीं उठाने दिया और ट्रक मालिक को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे। सूचना पर सीओ गौरव शर्मा, कल्याणपुर थाना प्रभारी सुमित पांडे, औग थाना प्रभारी रमाशंकर सरोज और चौकी चौडगरा प्रभारी संजय परिहार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुटी है। पुलिस क्षेत्राधिकारी गौरव शर्मा ने बताया शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा। परिजन से तहरीर मिलने पर मुकदमा लिखा जाएगा।

# जनगणना 2027 हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में जनगणना 2027 के प्रथम चरण हाउस लिस्टिंग एवं हाउसिंग जनगणना के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम 20 अप्रैल से प्रारंभ हो गया है, जो 29 अप्रैल तक संचालित किया जाएगा। इस अवधि में जनपद के 10 विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों पर कुल 79 बैच आयोजित किए जा रहे हैं। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में कुल 3686 गणनाकर्ता (एन्यूमरेटर) एवं 547 पर्यवेक्षक (सुपरवाइजर) प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। प्रशिक्षण का शुभारंभ जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ला द्वारा सर मदन लाल इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल, इटावा में किया गया, जहां प्रशिक्षणार्थियों को आवश्यक दिशा–निर्देश एवं उपयोगी सुझाव दिए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले प्रशिक्षणार्थियों के विरुद्ध जनगणना अधिनियम की धारा 11 के अंतर्गत सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस पर प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी देखी गई, जो कार्यक्रम के सफल संचालन की दिशा में सकारात्मक संकेत है। उक्त प्रशिक्षण 55 फील्ड ट्रेनर्स द्वारा प्रदान किया जा रहा है, जिन्हें जिला स्तर पर मास्टर ट्रेनर संतोष कुमार शर्मा एवं मोहम्मद जावेद खान द्वारा प्रशिक्षित किया गया है। प्रशिक्षण की निगरानी नोडल अधिकारी एवं उप जिलाधिकारी करेंगे। प्रशिक्षणार्थियों के लिए जलपान एवं दोपहर के भोजन की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रोजेक्टर एवं स्मार्ट टीवी के माध्यम से डिजिटल तरीके से प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जिससे प्रतिभागियों को विषयवस्तु को बेहतर ढंग से समझने में सुविधा मिल रही है।

# दिव्यांगजनों के लिए ब्लॉकवार शिविर

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026–27 में जनपद के पात्र दिव्यांगजनों को त्रिम अंग और सहायक उपकरण उपलब्ध कराने तथा विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए विकास खण्डवार शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में ट्राईसाइकिल व्हीलचेयर वैशाखी सीपी चेयर एमआर किट स्मार्ट केन श्रवण यंत्र ब्रेल किट लेप्रोसी किट मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल सहित अन्य उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही शल्य चिकित्सा योजना दिव्यांग पेंशन योजना शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना तथा दुकान निर्माण संचालन ऋण योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों का चिन्हांकन किया जाएगा। शिविरों की तिथियां इस प्रकार हैं . 23 अप्रैल बढ़पुरा, 24 अप्रैल जसवंतनगर, 25 अप्रैल ताखा, 28 अप्रैल बसरेहर, 29 अप्रैल चकरनगर, 30 अप्रैल महेवा, 02 मई सैफई, 05 मई भरथना। सभी शिविर संबंधित विकास खण्ड सभागार में प्रातः 11 बजे से आयोजित होंगे। शिविर में भाग लेने वाले दिव्यांगजनों को आय प्रमाण पत्र जाति प्रमाण पत्र दिव्यांग प्रमाण पत्र आधार कार्ड एक नवीन फोटो तथा बैंक पासबुक की छायाप्रति साथ लानी होगी। शिविर में ही आवेदन पत्र ऑनलाइन या ऑफलाइन जमा कर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी जिससे योजनाओं का लाभ दिया जा सके। शिविरों के आयोजन के लिए जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है जबकि अर्चना सिन्हा समन्वयक समेकित शिक्षा सह नोडल अधिकारी रहेंगी। स्वास्थ्य विभाग की ओर से उप मुख्य चिकित्साधिकारी तथा स्थानीय स्तर पर व्यवस्थाओं और प्रचार प्रसार के लिए खंड विकास अधिकारी जिम्मेदारी निभाएंगे।

# वृद्ध की हत्या से फैली सनसनी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। चारपाई पर सोते समय सुगर सिंह की सिर पर प्रहार कर हुई निर्मम हत्या मृतक के बड़े बेटे ने लगाया अपने छोटे भाई पर जमीन बटवारे को लेकर हत्या का आरोप 5 वर्ष पूर्व मृतक ने अपने बड़े बेटे के नाम की थी दो बीघा जमीन दो थानों की पुलिस पहुँची मौके पर पुलिस ने शव को काब्जे लेकर शव को पोस्टमार्टम को भेजा हत्या के पहलू की जाँच पड़ताल में जुटी पुलिस थाना शिकोहाबाद क्षेत्र के नगला सुन्दर के खेतों में बने मकान का मामला।

# परशुराम सेवा समिति ने वरिष्ठ नागरिकों को परशुराम सम्मान से किया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

इकदिल, इटावा। परशुराम सेवा समिति उ.प्र. (रजि.) द्वारा भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव पर एक विचार गोष्ठी व वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह माँ जगदम्बा देवी मन्दिर परिसर प्रकाश कोल्ड स्टोर इकदिल में आयोजित किया गया जो देर शाम तक चला। सर्वप्रथम अतिथियों ने भगवान परशुराम जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संरक्षक पं. रामप्रकाश चौधरी ने की। संचालन प्रदेश महामंत्री जयशिव मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में परशुराम सेवा समिति द्वारा 50 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को प्रमाण पत्र, परशुराम जी की प्रतिमा देकर परशुराम सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके साथ अभिषेक शुक्ला का लेखा परीक्षक के रूप में चयन होने पर व शिवेंद्र मिश्रा को सभासद मनोनीत किये जाने पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील



सम्राट ने समिति के कार्यक्रमों बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि परशुराम सेवा समिति वरिष्ठ लोगों के अलावा मेधावियों को भी सम्मानित करती है। उन्होंने कहा कि समिति शीघ्र ही स्कूलों में संस्कारशाला का आयोजन करेगी। इस मौके पर संरक्षक हरसहाय पाठक, उषा अरविन्द, गीता दीक्षित, राजेश कुमार मिश्रा, अरविन्द तिवारी, गोविन्द त्रिपाठी, लालजी प्रसाद दुबे, रज्जन तिवारी, जगत नारायण दुबे, डॉ. अवधेश मिश्रा, अनिल दुबे, आनन्द प्रकाश नारायण दुबे, प्रदीप शुक्ला, राजेश दीक्षित, अरुण तिवारी, सर्वेश मिश्रा, कन्हैयालाल पाठक, अशोक चौधरी, अवधेश किशोर तिवारी, शरद शुक्ला, शिवहरी दीक्षित, केके त्रिपाठी, राजकुमार शर्मा, सुशील शुक्ला आदि वरिष्ठ नागरिकों को परशुराम सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संरक्षक हरिप्रकाश चौधरी, महामंत्री विनय कुमार द्विवेदी, कोषाध्यक्ष राजेंद्रदेव दुबे, गोपाल जी मिश्रा, मनोज चौधरी, बंटी, राज तिवारी, दीपक त्रिपाठी, बंटी बाजपेई, शिवशंकर शुक्ला, मेजर पाण्डेय, प्रशांत तिवारी, वाचस्पति दुबे, पल्लव दुबे, बृजेश मिश्रा, संजीव चतुर्वेदी, वासु चौधरी, देवेंद्र दुबे, आलोक तिवारी, शिवाकांत दुबे, अभिषेक मिश्रा, प्रभात चौधरी, अविनाश दीक्षित, अंकुल बाजपेयी, राजीव दुबे, कुलदीप तिवारी, गोपाल मिश्रा, राम प्रकाश शर्मा, जीत बहादुर द्विवेदी, प्रशांत दीक्षित, अंशुल दुबे उपस्थित रहे।

# अभ्युदय योजना से युवाओं को मिली नई दिशा

## - सफल अभ्यर्थियों ने बांटे सफलता के सूत्र

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में समाज कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत अभ्युदय संवाद एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम



की अध्यक्षता सदर विधायक सरिता भदौरिया ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया। अपने संबोधन में विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि वर्तमान समय में नौकरी और अभ्यर्थियों के बीच सबसे बड़ी बाधा योग्यता की कमी है। उन्होंने कहा कि आज अवसरों की कोई कमी नहीं है, बल्कि जरूरत स्वयं को योग्य बनाने की है। चयन प्रक्रिया अब अधिक पारदर्शी हो चुकी है, जिससे प्रतिभाशाली युवाओं को बेहतर अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को समय का महत्व समझाते हुए कहा कि जीवन में कुछ अवसर केवल एक बार मिलते हैं, इसलिए पूरी मेहनत और समर्पण के साथ तैयारी करनी चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना को आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए वरदान बताते हुए कहा कि इसके माध्यम से निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण कोचिंग उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही प्राचीन विक्टोरिया हॉल में कोचिंग और लाइब्रेरी की व्यवस्था विकसित किए जाने की जानकारी भी दी। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने चयनित अभ्यर्थियों से अपने अनुभव, अध्ययन पद्धति और चुनौतियों को अन्य विद्यार्थियों से साझा करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आगामी समय में विभिन्न पदों पर भर्तियां आने वाली हैं, ऐसे में निरंतर मेहनत से विद्यार्थी भी सफलता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने सेवा भाव को जीवन का प्रमुख लक्ष्य बनाने पर जोर दिया। मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम ने कहा कि अभ्युदय योजना उन विद्यार्थियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, जो आर्थिक कारणों से बड़े शहरों में कोचिंग नहीं ले पाते। इस योजना के माध्यम से ऐसे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा निःशुल्क प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि अक्सर लोग पूछते हैं कि नौकरी कहां है, जबकि वास्तविक प्रश्न यह होना चाहिए कि योग्यता कहां है। कार्यक्रम में चयनित अभ्यर्थियों. आदित्य कुमार सिंह (आईएएस 2025), इशिता सिंह (कोषाधिकारी, यूपीपीसीएस 2024), अंकित पांडे (सहायक आयुक्त वाणिज्यकर), अनुज दीक्षित (नायब तहसीलदार), पूजा यादव (नायब तहसीलदार), विकास मिश्रा (वाणिज्यकर अधिकारी) एवं दीपेंद्र यादव (वाणिज्यकर अधिकारी) को सम्मानित किया गया। आईएएस 2025 चयनित आदित्य कुमार सिंह ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्होंने सीमित संसाधनों में रहकर तैयारी की और सकारात्मक वातावरण व मजबूत मानसिक स्थिति को सफलता का आधार बताया। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक परीक्षा के दौरान 6.7 घंटे और मुख्य परीक्षा के दौरान 14.15 घंटे तक नियमित अध्ययन किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि बिना महंगी कोचिंग के भी घर पर रहकर सफलता हासिल की जा सकती है। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य सचिन यादव, जिला कल्याण अधिकारी संध्या रानी बघेल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, शिक्षकगण और बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

# हास्पिटल को बदनाम करने की हो रही साजिश : प्रवीण

## – कथित जुआं व शराब पार्टी से अस्पताल का कोई लेना–देना नहीं

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। न्यू राधे अस्पताल के संचालक प्रवीण कुमार ने



कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो को उनके अस्पताल का बताकर जान बूझकर बदनाम करने की साजिश रची जा रही है। वीडियो में दिखाई दे रही कथित जुआं और शराब पार्टी का उनके अस्पताल से कोई लेना–देना नहीं है। संचालक श्री कुमार ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि यह वीडियो पूरी तरह से फर्जी और दूसरी जगह का है। इसे जान बूझकर हमारे अस्पताल का बताकर वायरल किया जा रहा है, ताकि हमारी छवि धूमिल की जा सके। अस्पताल में मरीजों का कम खर्च में बेहतर इलाज होता है, जिसकी वजह से बड़ी संख्या में लोग यहां आते हैं। कुछ विरोधीतत्व इसी सफलता से चिढ़कर ऐसी साजिश रच रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि बदनाम करने वाले लोग न केवल अस्पताल को गलत तरीके से जोड़ रहे हैं, बल्कि उनके एक कर्मचारी की फोटो भी लगाकर फर्जी खबरें वायरल कर रहे हैं। हम उन लोगों को जानते भी नहीं हैं, जिन्हें वीडियो में दिखाया जा रहा है। यह साफ तौर पर हमारी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने की कोशिश है। अस्पताल संचालक ने बताया कि उन्होंने इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराई है और फर्जी तरीके से बदनाम करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे लोगों के खिलाफ वे मानहानि का मुकदमा भी दायर करेंगे।

# छात्राओं के साथ छेड़छाड़ करने वाले दो मनचले गिरफ्तार

## - पाक्सो एक्ट में भेजा जेल, बाइक सीज

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो के आधार पर सदर कोतवाली क्षेत्र के आईटीआई रोड पर स्कूल जा रही छात्राओं के साथ छेड़छाड़ और छींटाकशी करने वाले दो मनचलों को पुलिस ने मात्र दो घंटे में गिरफ्तार कर सख्त सबक सिखा दिया। दोनों आरोपियों को पाक्सो एक्ट और अन्य कठोर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया, जबकि उनकी मोटरसाइकिल भी सीज कर ली गई। जानकारी के अनुसार सोमवार को आईटीआई रोड पर मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने स्कूल जा रही बच्चियों के साथ छेड़छाड़ की कोशिश की। उन्होंने छात्राओं का हाथ पकड़ने और छींटाकशी जैसी घिनौनी हरकतें कीं, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि वायरल वीडियो देखते ही पुलिस ने तुरंत संज्ञान लिया और सदर कोतवाली में स्वतः मुकदमा दर्ज कर लिया। पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया गया। उनकी बाइक को धारा 207 एमवी एक्ट के अंतर्गत सीज कर आवश्यक कार्रवाई की गई। गिरतारी के बाद दोनों मनचले कोतवाली में कान पड़कर माफी मांगते रहे और गिड़गिड़ाते हुए वादा किया कि आगे कभी ऐसी गलती नहीं करेंगे। उन्होंने सभी लड़कियों को अपनी बहन–बेटी समझने की सौगंध भी ली। पुलिस ने इस मामले में त्वरित और सख्त कार्रवाई कर संदेश दिया है कि छात्राओं व महिलाओं की सुरक्षा में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसपी अभिमन्यु मांगलिक ने कहा कि ऐसी



घटनाओं पर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जा रही है और समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान का माहौल बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज–5 द्वितीय चरण के अंतर्गत थाना कोतवाली क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शक्ति मोबाइल टीम ने महिलाओं को



सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया। जागरूकता अभियान के दौरान महिलाओं एवं अन्य उपस्थित लोगों को विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई, जिनमें 112 पुलिस, 102 व 108 स्वास्थ्य सेवा, 1090 वूमेन पावर लाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन और 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन शामिल हैं। इसके साथ ही टीम ने साइबर अपराधों से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी अंजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी साझा न करें और संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। ऑनलाइन लेन–देन और सोशल मीडिया के उपयोग के दौरान सतर्क रहने की भी सलाह दी गई। कार्यक्रम में महिलाओं को जागरूकता पम्पलेट वितरित कर सुरक्षा उपायों के प्रति विस्तार से जानकारी दी गई। इटावा पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा और जनजागरूकता के लिए लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं।

# एसएसपी ने जनसुनवाई में सुनी फरियादियों की समस्याएं

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। पुलिस कार्यालय में आयोजित नियमित जनसुनवाई के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के



निर्देश दिए। जनसुनवाई में विभिन्न थाना क्षेत्रों से पहुंचे आवेदकों ने अपनी शिकायतें प्रस्तुत की। जिन पर एसएसपी ने गंभीरता से संज्ञान लिया। उन्होंने संबंधित राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों से वार्ता कर शिकायतों के प्रभावी समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। फरियादियों को आश्वासन दिया गया कि उनकी समस्याओं का न्यायोचित और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। इटावा पुलिस द्वारा जनसुनवाई के माध्यम से आमजन की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी जा रही है।

# अभ्युदय संवाद में युवाओं को मिला सफलता का मार्गदर्शन

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में समाज कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत अभ्युदय संवाद एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सदर विधायक सरिता भदौरिया ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया। अपने संबोधन में सरिता भदौरिया ने कहा कि वर्तमान समय में नौकरी और अभ्यर्थियों के बीच सबसे बड़ी बाधा योग्यता की कमी है।



उन्होंने कहा कि अवसरों की कोई कमी नहीं है बल्कि आवश्यकता स्वयं को योग्य बनाने की है। चयन प्रक्रिया अब अधिक पारदर्शी हो चुकी है जिससे प्रतिभाशाली युवाओं को बेहतर अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को समय का महत्व बताते हुए कहा कि जीवन में कुछ अवसर केवल एक बार मिलते हैं इसलिए पूरी मेहनत और समर्पण के साथ तैयारी करनी चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना को आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए वरदान बताते हुए कहा कि इसके माध्यम से निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण कोचिंग उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही विक्टोरिया हॉल में कोचिंग और लाइब्रेरी की व्यवस्था विकसित किए जाने की जानकारी दी। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने चयनित अभ्यर्थियों से अपने अनुभव और अध्ययन पद्धति साझा करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में विभिन्न पदों पर भर्तियां आएंगी और निरंतर मेहनत से विद्यार्थी सफलता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने सेवा भाव को जीवन का प्रमुख लक्ष्य बनाने पर जोर दिया। मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम ने कहा कि अभ्युदय योजना उन विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण है जो आर्थिक कारणों से बड़े शहरों में कोचिंग नहीं ले पाते। इस योजना के माध्यम से ऐसे विद्यार्थियों को निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है। उन्होंने विद्यार्थियों को समय की बर्बादी से बचकर लक्ष्य पर केंद्रित रहने की सलाह दी। कार्यक्रम में चयनित अभ्यर्थियों आदित्य कुमार सिंह आईएएस 2025 इशिता सिंह कोषाधिकारी यूपीपीसीएस 2024 अंकित पांडे सहायक आयुक्त वाणिज्यकर अनुज दीक्षित नायब तहसीलदार पूजा यादव नायब तहसीलदार विकास मिश्रा वाणिज्यकर अधिकारी तथा दीपेंद्र यादव वाणिज्यकर अधिकारी को सम्मानित किया गया। आईएएस 2025 चयनित आदित्य कुमार सिंह ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्होंने सीमित संसाधनों में रहकर तैयारी की और सकारात्मक वातावरण व मजबूत मानसिक स्थिति को सफलता का आधार बताया। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक परीक्षा के दौरान 6 से 7 घंटे और मुख्य परीक्षा के दौरान 14 से 15 घंटे तक नियमित अध्ययन किया। उन्होंने कहा कि बिना महंगी कोचिंग के भी घर पर रहकर सफलता प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य सचिन यादव जिला कल्याण अधिकारी संध्या रानी बघेल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी शिक्षकगण और बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# बिजली आते ही पावर अधिक होने से उड़ रहे यंत्र

न्यूज वाणी ब्यूरो/खागा, फतेहपुर। कस्बे में बिजली आपूर्ति शुरू होते ही घरों में लगे आवश्यक विद्युत उपकरण बार–बार खराब हो जा रहे हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि विभागीय कर्मी इस समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। ब्राह्मण टोला मोहल्ले के प्रदुम्न बाजपेई ने बताया कि जैसे ही पावर सप्लाई आती है, उनके घर में लगे टीवी, इन्वर्टर और डिश बॉक्स एक साथ खराब हो गए। उन्होंने कहा कि कई बार शिकायत करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई। इसी तरह अनिल कुमार ने बताया कि अचानक आई तेज वोल्टेज की वजह से उनके टीवी की सप्लाई फॉल्ट हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि ट्रांसफॉर्मर में तकनीकी खामी के कारण वोल्टेज अनियमित हो जाता है, जिससे उपकरण जल जाते हैं। लोगों ने विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द इस समस्या का स्थायी समाधान किया जाए और लाइन की नियमित जांच कराई जाए। इस संबंध में एसडीओ दीपक सिंह ने बताया कि कभी–कभी ट्रांसफॉर्मर में तकनीकी दिक्कत आ जाती है, जिससे वोल्टेज में उतार–चढ़ाव होता है। उन्होंने कहा कि टीम को निर्देश दिए गए हैं कि शिकायत मिलते ही मौके पर पहुंचकर समस्या का समाधान करें। साथ ही उपभोक्ताओं को भी सलाह दी गई है कि वे अपने घरों में उचित सुरक्षा उपकरण लगवाएं ताकि नुकसान से बचा जा सके। अधिकारियों ने यह भी कहा कि जल्द ही लाइन सुधार कार्य शुरू कराया जाएगा और प्रभावित उपभोक्ताओं की शिकायतों का प्राथमिकता से निस्तारण किया जाएगा ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।

# एडीप योजना के तहत दिव्यांगों को मिले सहायक उपकरण

## - उपकरण पाकर दिव्यांगजनों के चेहरों पर दिखी मुस्कान



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद की पावन धरती पर आज उस समय भावुक और प्रेरणादायक माहौल देखने को मिला, जब केंद्र सरकार की एडीप योजना के अंतर्गत दिव्यांगजनों को निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल एवं अन्य सहायक उपकरण वितरित किए गए। समाजसेवी अभिषेक प्रताप सिंह चौहान ने स्वयं उपस्थित रहकर लाभार्थियों को उपकरण प्रदान किए और उनके जीवन को सुगम बनाने का प्रयास किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, कमर बेल्ट, घुटना बेल्ट एवं कमोड जैसे आवश्यक उपकरण वितरित किए गए। लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी और आत्मविश्वास साफ झलक रहा था। अभिषेक प्रताप सिंह चौहान ने कहा कि जब किसी जरूरतमंद के चेहरे पर मुस्कान आती है, तो वही मेरे लिए सबसे बड़ा पुरस्कार होता है। उन्होंने बताया कि एक समाजसेवी के रूप में उनका हमेशा यह प्रयास रहा है कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं से वंचित न रहे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उन्होंने कभी किसी जरूरतमंद से कोई धनराशि नहीं ली है और न ही भविष्य में लेंगे। मेरी राजनीति नहीं, मेरी पहचान सेवा है, यह उनका मूल मंत्र है। इस दौरान प्रमुख लाभार्थियों में देवी पत्नी जवाहरलाल मनावा को व्हीलचेयर व बेल्ट, रामप्यारे मनावा को कमोड व बेल्ट, अजीत सिंह परिसिद्धपुर बम्हरौली धाता, अजय सिंह जहानपुर चक कोर्रा सादात, रोली प्रतापनगर झाल, पिंकू पूर्वी नई बस्ती राधानगर, प्रदीप टीसी, कमलेश बिलारीमऊ एवं संतसेवक अकिलपुर ऐराना खागा को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल प्रदान की गई।

# अक्षय तृतीया पर ब्राह्मण चेतना सेवा संस्थान ने निकाली शोभा यात्रा

## – 101 बटुकों का हुआ यज्ञोपवीत संस्कार, भंडारे में उमड़े श्रद्धालु

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। अक्षय तृतीया पर सोमवार को भगवान परशुराम की जयंती धूमधाम से मनाई गई। ब्राह्मण चेतना सेवा संस्था ने शोभा यात्रा निकाली और तांबेश्वर मंदिर में बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार सम्पन्न कराया गया। शहर के तांबेश्वर मंदिर परिसर में ब्राम्हण



चेतना सेवा संगठन के तत्वाधान में भगवान परशुराम जयन्ती समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सुबह से ही समाज के लोगों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। निर्धारित समय पर मंच के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भगवान परशुराम का पूजन–अर्चन किया तत्पश्चात आचार्यों ने वेद मंत्रों के साथ विधिवत पूजा–अर्चना करवायी। उपस्थित जनसमुदाय ने भगवान परशुराम के जोशीले जयकारे लगाये जिससे समूचा वातावरण गुंजायमान हो गया। पूजा–अर्चना के बाद भगवान परशुराम के जोशीले नारों के बीच शोभा यात्रा निकाली गयी। जिसमें कीर्तन पार्टी द्वारा भजन–कीर्तन कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए माहौल को भक्तिमय बना दिया जिससे उपस्थित जन मंत्र–मुग्ध हो गये और थिरकते हुए शोभा यात्रा की अगवानी की। शोभा यात्रा का समाज के लोगो द्वारा जगह–जगह स्वागत एवं पूजा–अर्चना का दौर चलता रहा तत्पश्चात् भगवान परशुराम का उद्बोधन हुआ। समापन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सर्व समाज के लोगों ने भगवान परशुराम का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस मौके पर संस्थान के संरक्षक राजेंद्र त्रिवेदी, अध्यक्ष संजय तिवारी उर्फ पप्पू भइया, सुधाकर अवस्थी एडवोकेट, एसपी शुक्ला, संयोजक ई. देवी प्रकाश दुबे, नगर अध्यक्ष बीके शुक्ला, कोषाध्यक्ष शिवाकांत दीक्षित, उमाकांत शुक्ला, पंकज तिवारी आदि सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# तपती गर्मी में निःशुल्क लस्सी बांटकर पहुंचाई राहत

## – बेटी शान्वी ने फीता काट कर वैदिक रीति रिवाज से किया शुभारंभ

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। शहर के पीलू तले चौराहा स्थित विजय लस्सी भंडार में तपती गर्मी के मौसम में राहगीरों को निःशुल्क लस्सी पिलाकर राहगीरों को राहत देने का प्रयास किया। कार्यक्रम का शुभारंभ व्यापारी नेता एवं समाजसेवी विनोद गुप्ता की सात वर्षीय पौत्री शान्वी गुप्ता ने वैदिक रीति रिवाज के साथ फीता काटकर किया। उसके उपरांत राहगीरों को प्रेमपूर्वक लस्सी वितरित की गई। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित व्यापारी नेता एवं



समाजसेवी विनोद कुमार गुप्ता ने कहा कि लस्सी विक्रेता विजय ने बहुत ही पुनीत कार्य किया है। इस समय सूर्य देव अपनी पूरी गर्मी धरा पर गिरा रहे हैं। ऐसे मौके पर लोगों को दोपहर में घर से निकलने में काफी असुविधा का सामना करना पडता है। लस्सी विक्रेता ने गर्मी में कुछ समय के लिए लोगों को निःशुल्क लस्सी पिलाकर गर्मी से राहत दिलाने का प्रयास किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से व्यापार मंडल अध्यक्ष बृजेश सोनी, दोसर वैश्य समाज के जिलाध्यक्ष नरायण बाबू गुप्ता, रोहित चौरसिया, सुनील गुप्ता, आकाश मोदनवाल, नैंसी गुप्ता, अमर वर्मा, नूर आलम, संतोष मोदनवाल, संजय गुप्ता सहित तमाम समाजसेवी एवं राहगीर उपस्थित रहे।

# फायर सर्विस सप्ताह का समापन, छात्रों को अग्नि सुरक्षा का दिया प्रशिक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। अग्निशमन विभाग के आयोजित फायर सर्विस सप्ताह के समापन अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के



निर्देशन में एक भव्य जागरूकता कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह का आयोजन सरदार वल्लभ भाई पटेल सभागार प्रेक्षागृह में किया गया। कार्यक्रम के दौरान जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र–छात्राओं के बीच निबंध, भाषण एवं अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। उत्. ष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एबी इंटरनेशनल स्कूल, आरवीएस इंटरनेशनल स्कूल, ब्रिलियंट ओरियंटल स्कूल, सेंट मैरी स्कूल, सेंट जेवियर्स स्कूल के छात्र–छात्राओं ने बढ़–चढ़कर प्रतिभाग किया। समापन समारोह के बाद फायर सर्विस टीम ने परिसर में लाइव डेमोन्स्ट्रेशन किया। आग लगने की स्थिति बनाकर फायर एक्सटिंग्विशर के सही उपयोग का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। छात्रों को स्वयं फायर एक्सटिंग्विशर चलाने का अवसर प्रदान किया गया, ताकि आपात स्थिति में वे सही तरीके से प्रतिक्रिया दे सकें। डेमो के दौरान गैस सिलेंडर में लगी आग को नियंत्रित करने, धुएं के बीच सुरक्षित तरीके से आग बुझाने के उपायों, सुरक्षा उपकरणों के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई। फायर कर्मियों ने बच्चों को अग्नि सुरक्षा से संबंधित जरूरी सावधानियों के बारे में भी जागरूक किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। उपस्थित अधिकारियों ने बच्चों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने और सीखी गई बातों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। फायर सर्विस सप्ताह के दौरान जनपद में कुल लगभग 13000 लोगों को जागरूक किया गया। इसमें विभिन्न विद्यालयों के करीब 10000 छात्र–छात्राएं, विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के लगभग 3000 कर्मचारी शामिल रहे।

# सीएम ग्रामोद्योग रोजगार योजना का लाभ उठाएं शिक्षित बेरोजगार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश खादी व ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा स्थानीय बैंको के माध्यम से संचालित राज्य सरकार की मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के अन्तर्गत जनपद के शिक्षित बेरोज़गार परम्परागत कारीगरों जिनकी आयु 18 से 50 वर्ष हो, उनके लिए अपने ही गॉव में स्वरोज़गार स्थापना के लिए सेवा क्षेत्र के बैंको से रूपया 10 लाख तक आर्थिक सहायता उपलब्ध कराते हुए ग्रामोद्योग स्थापना के उपरान्त टर्म लोन पर सामान्य वर्ग हेतु मात्र 4 प्रतिषत ब्याज पर एवं आरक्षित वर्ग अनु० जाति, अनु०जन० जाति, पिछड़ा वर्ग, महिला, अल्पसंख्यक, भूतपूर्व सैनिक, शारीरिक रूप से विकलांगो के लिए आर्थिक सहायता ब्याज रहित उपलब्ध कराने का प्राविधान है। आवेदक द्वारा उद्योग में सामान्य जाति के प्रोजेक्ट काष्ठ पर 10 प्रतिशत एवं आरक्षित वर्ग अनु० जाति, अनु०जन० जाति, पिछड़ा वर्ग, महिला, अल्पसंख्यक, भूतपूर्व सैनिक, शारीरिक रूप से विकलांगो को प्रोजेक्ट काष्ठ का 5 प्रतिशत वहन करना होगा। ब्याज उपादान की धनराशि इकाई के पक्ष में उद्योग स्थापना एवं कार्यरत रहने की दशा में विभाग द्वारा जिला योजना में प्राप्त धनराशि से ऋण दाता बैंक शाखाओं को क्लेम के आधार पर दिया जायेगा। लाभार्थी आवेदन वेवसाईट की ई पोर्टल पर आनलाइन कर सकते है। आधार कार्ड, पैन कार्ड, (उपलब्ध होने पर) आदि तथा परियोजना रिपोर्ट आनलाइन लाभार्थी को फीड/अपलोड करना होगा तत्पश्चात आवेदन पत्र की हार्ड कापी व प्रिन्टआउट निकालते हुए मयं समस्त संलग्नको (स्वप्रमाणित करते हुए) के साथ कार्यालय जिला ग्रामोद्योग अधिकारी में जमा कर सकते है। किसी भी दशा में मैनुअल रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र स्वीकार नही होगा। आनलाइन निकाले गये आवेदन पत्र की हार्डकापी व प्रिन्ट आउट के साथ आवेदक को आधार कार्ड, पैन कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता, जाति प्रमाण पत्र, परियोजना रिपोर्ट आदि सम्बन्धित प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियां संलग्न कर जमा करना होगा। इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी उक्त कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है।

# मामूली विवाद में तमंचा दिखाने वाले युवक को पुलिस ने दबोचा

## – तमंचा–कारतूस बरामद, वायरल हुआ था वीडियो

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक हिंसक वीडियो ने जिले में सनसनी फैला दी। वीडियो में सदर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मोहल्ला सैय्यदबाड़ा में एक अभियुक्त और उसके साथियों द्वारा लाठी–डंडों से मारपीट करते हुए तमंचा लहराने का भयावह .श्य दिखाई दे रहा था। थाना कोतवाली पुलिस ने तुरंत संज्ञान लेते हुए 19 अप्रैल को ही मामले में गंभीर धाराओं मारपीट, धमकी व शांति भंग के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। सोमवार को पुलिस ने मुख्य अभियुक्त सादमान पुत्र भोले नवाब निवासी सैय्यदबाड़ा थाना



कोतवाली को गिरतार कर लिया। गिरतारी के दौरान उसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर व दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इसके साथ ही पुलिस ने मुकदमे में धारा 3/27 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी कर दी है। गिरतार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। वायरल वीडियो के कारण इलाके में तनाव फैलने की आशंका को देखते हुए पुलिस ने त्वरित और सख्त कार्रवाई की है। शेष आरोपियों की तलाश जारी है।

# लेडी फातिमा चिल्ड्रेन एकेडमी में शोक सभा में ईरानी बच्चों को दी श्रद्धांजलि

(संवाददाता) लखनऊ। लेडी फातिमा चिल्ड्रेन एकेडमी में ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह सैयद अली खामेनई के लिए एक शोक सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर बच्चों ने आयतुल्लाह खामेनई को श्रद्धांजलि अर्पित की और 28 फरवरी को ईरान के मिनाब में अमेरिका और इज़राइल के संयुक्त हमले में शहीद हुई शाजरे तैय्यबा गर्ल एलिमेंट्री स्कूल की छात्राओं को याद किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों और स्टाफ ने मिनाब के स्कूल के बच्चों की याद में पेंटिंग्स बनाईं और शहीद बच्चों के परिजनों के प्रति एकजुटता व्यक्त की। आयतुल्लाह अली हुसैन सिस्तानी के कार्यालय के प्रतिनिधि मौलाना मोहम्मद हुसैन ने कहा कि पिछले कुछ महीनों से ईरान निर्दोष लोगों, ख़ासकर स्कूली बच्चों की हत्या बेहद दुखद है। उन्होंने कहा कि भारत समेत दुनिया भर के लोग आयतुल्लाह खामेनई और करीब 165 स्कूली बच्चों की मौत से दुखी हैं। एकेडमी के मैनेजर प्रो. आगा परवेज मसीह ने कहा कि प्रतिबंधों के बावजूद ईरान ने शिक्षा के क्षेत्र में कभी समझौता नहीं किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा हर बच्चे का मौलिक अधिकार है, लेकिन स्कूलों को निशाना बनाना अंतरराष्ट्रीय कानूनों



के खिलाफ है। प्रिंसिपल रेशमा हसन ने कहा कि भारतीय छात्र मीनाब घटना की निंदा करते हैं। पत्रकार असद रिज़वी ने कहा कि छात्रों को निशाना बनाना शिक्षा का विरोध है और यह अज्ञानता फैलाने की कोशिश है।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री रिमझिम का जन्म दिनांक 06.02.2017 को घर पर हुआ था। माता का नाम सविता देवी है। अज्ञानतावश मेरी पुत्री का जन्म पंजीकरण रजिस्टर में नाम दर्ज नही हो सका था। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नही बना है। किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने के कारण उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी। सविता देवी पत्नी रोहित कुमार निवासिनी ग्राम बरी गोविन्दपुर पोस्ट मेवली बुजुर्ग विकास खण्ड तेलियानी जनपद फतेहपुर।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे भाई रहम सिंह का जन्म दिनांक 20.02.2009 को घर पर हुआ था। माता का नाम बउरी है। अज्ञानतावश मेरे भाई का जन्म पंजीकरण रजिस्टर में नाम दर्ज नही हो सका था। मेरे भाई के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नही बना है। किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने के कारण उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी। राम सिंह पुत्र बच्चा निवासी ग्राम जगन्नाथपुर पोस्ट मेवली विकास खण्ड तेलियानी जनपद फतेहपुर।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री आर्या का जन्म दिनांक 03.07.2019 को घर पर हुआ था। माता का नाम सुमनलता है। अज्ञानतावश मेरी पुत्री का जन्म पंजीकरण रजिस्टर में नाम दर्ज नही हो सका था। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नही बना है। किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने के कारण उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी। सुमनलता पत्नी उमेश चन्द्र निवासिनी ग्राम बरी गोविन्दपुर पोस्ट मेवली बुजुर्ग विकास खण्ड तेलियानी जनपद फतेहपुर।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र हिमांशू का जन्म दिनांक 19.08.2018 को घर पर हुआ था। माता का नाम दुलारी है। अज्ञानतावश मेरे पुत्र का जन्म पंजीकरण रजिस्टर में नाम दर्ज नही हो सका था। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नही बना है। किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने के कारण उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी।

सहादेव पुत्र धनराज निवासी ग्राम जगन्नाथपुर पोस्ट मेवली विकास खण्ड तेलियानी जनपद फतेहपुर।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी अमित कुमार का जन्म दिनांक 15.04.2003 को घर पर हुआ था। माता का नाम उर्मिला देवी है। अज्ञानतावश अमित कुमार का जन्म पंजीकरण रजिस्टर में नाम दर्ज नही हो सका था। अमित कुमार के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नही बना है। किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने के कारण उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी। अमित कुमार पुत्र कृष्ण पाल निवासी कासिमपुर पोस्ट संनगाव विकास खण्ड तेलियानी जनपद फतेहपुर।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी अमन कुमार का जन्म दिनांक 06.03.2006 को घर पर हुआ था। माता का नाम उर्मिला देवी है। अज्ञानतावश अमन कुमार का जन्म पंजीकरण रजिस्टर में नाम दर्ज नही हो सका था। अमन कुमार के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नही बना है। किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने के कारण उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी। अमन कुमार पुत्र कृष्ण पाल निवासी कासिमपुर पोस्ट संनगाव विकास खण्ड तेलियानी जनपद फतेहपुर।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री रिया देवी का जन्म दिनांक 29.07.2018 को घर पर हुआ था। माता का नाम श्रीमती देवी है। अज्ञानतावश मेरी पुत्री का जन्म पंजीकरण रजिस्टर में नाम दर्ज नही हो सका था। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नही बना है। किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने के कारण उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी। जितेन्द्र कुमार पुत्र भवानीदीन निवासी कासिमपुर पोस्ट जगन्नाथपुर विकास खण्ड तेलियानी जनपद फतेहपुर।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री मधू का जन्म दिनांक 27.03.2019 को घर पर हुआ था। माता का नाम संगीता है। अज्ञानतावश मेरी पुत्री का जन्म पंजीकरण रजिस्टर में नाम दर्ज नही हो सका था। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नही बना है। किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने के कारण उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी।

संगीता पत्नी अर्जुन निवासी बरी गोविन्दपुर पोस्ट जगन्नाथपुर विकास खण्ड तेलियानी जनपद फतेहपुर।

# पूर्व सीएम के बयान के बाद मुस्लिम समाज ने फूंका पुतला

न्यूज वाणी ब्यूरो/खागा, फतेहपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के हालिया बयान के बाद हुसैनगंज विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक माहौल गरमा गया है। पूर्व मंत्री रणवेंद्र प्रताप सिंह पर तंज कसने के विरोध में स्थानीय मुस्लिम पदाधिकारियों ने आक्रोश जताते हुए उनका पुतला दहन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि पार्टी केवल यादव समुदाय को ही पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) का वास्तविक मतदाता मान रही है, जबकि मुस्लिम समाज की अनदेखी की जा रही है। मामले की पृष्ठभूमि में आर्यन चाय नामक दुकान का विवाद है, जो अल्लीपुर चौकी क्षेत्र में स्थित है। पुलिस द्वारा प्राप्त तहरीर के आधार पर नामजद मिलकर सोलह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है, जिनमें सभी आरोपी मुस्लिम समुदाय से बताए जा रहे हैं। इसी कार्रवाई को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी है। प्रदर्शन कर रहे लोगों का आरोप है कि पुलिस ने एकतरफा कार्रवाई की है और उन्हें न्याय नहीं मिल रहा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। फिलहाल क्षेत्र में स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में बताई जा रही है, और पुलिस प्रशासन सतर्क बना हुआ है।

## तमंचा-कारतूस के साथ पुलिस के हत्थे चढ़ा शातिर

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। वांछित अभियुक्तों की गिरतारी व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस टीम ने भिटौरा बाईपास से लखनऊ बाईपास चौराहा जाने वाली सर्विस लेन के किनारे स्थित मंडी के पास षातिर को रंगे हाथों पकड़ा। अभियुक्त मोहम्मद हम्माद पुत्र शमशाद अली निवासी बाकरगंज मनोज आइसक्रीम के पीछे थाना कोतवाली से एक 315 बोर का देशी तमंचा व 02 जिंदा 315 बोर के कारतूस बरामद किए गए। बरामदगी के आधार पर थाना कोतवाली में मुकदमा संख्या 151/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज कर लिया गया है। गिरतार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। गिरतार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक हेमन्त कुमार मिश्र, उपनिरीक्षक विनीत कुमार उपाध्याय, अनीश कुमार शुक्ल, गिरीशधर दुबे, हेड कांस्टेबल पंकज कुमार पाण्डेय, प्रवेन्द्र कुमार शामिल रहे।

# सांसद के आवास पर हमले के विरोध में उतरे सपाई

### - कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर राज्यपाल को भेजा ज्ञापन
### - भाजपा की दोशी महिला कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी किए जाने की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिले के सपा सांसद नरेश उत्तम पटेल के कानपुर स्थित आवास पर भाजपा महिला कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए हमले के विरोध में जिले के सपाई सड़क पर उतर आए। कलेक्ट्रेट पहुंचकर जहां प्रदर्शन किया वहीं राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर दोषी महिला कार्यकर्ताओं की तत्काल गिरतारी सनिश्चित करते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की। सपा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह यादव की अगुवई में पदाधिकारी व कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रदर्शन कर राज्यपाल को एक ज्ञापन भेजा। जिसमें कहा गया कि जिले के सांसद नरेश उत्तम पटेल जब संसद की कार्रवाई में लोकसभा में थे उसी समय उनके कानपुर स्थित दामोदर नगर थाना नौबस्ता स्थित निवास पर भारतीय जनता पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं व नेताओं की भीड़ ने उनके आवास पर हमला बोल दिया। उस समय सांसद की पत्नी विजयलक्ष्मी उत्तम घर पर अकेली थी। सभी भाजपा महिला कार्यकर्ता हाथ में भाजपा व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम की पट्टियां लिए थीं।



नरेन्द्र मोदी, भाजपा जिंदाबाद, नरेश उत्तम पटेल मुर्दाबाद के नारे लगा रही थीं। महिलाएं जुलूस के रूप में पुलिस बल के साथ पहुंची और घर के बाहर भारी अभद्रता किया। गेट पर धक्का मुक्की कर नेम प्लेट तोड़ दी। जब उनकी पत्नी बाहर निकलीं तो उनके लिए भी अपमानजनक आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया। पुलिस मूकदर्शक बनी रही यह सब जानबूझकर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के इशारे पर पुलिस के संरक्षण में किया गया है। ऐसी घटना ने न केवल कानून व्यवस्था को तार–तार कर दिया बल्कि ऐसा कृत्य कर लोकतंत्र पर हमला किया गया है। आश्चर्यजनक यह है कि पूरा जुलूस न केवल पुलिस के संरक्षण में यह जानते हुए उनके निवास तक गया कि सांसद बाहर है बल्कि सारी अभद्रता पुलिस की उपस्थिति में हुई। मांग किया कि घटना का संज्ञान लेकर मुकदमा दर्ज कराकर दोषी महिला भाजपा कार्यकर्ताओं की गिरतारी सुनिश्चित कर तत्काल कार्रवाई की जाए। इस मौके पर जिला महासचिव चौधरी मंजर यार, प्रदेश सचिव जगनायक सिंह यादव, संतोष द्विवेदी, सुहैल खान हेमू, विपिन सिंह यादव, वीरेन्द्र सिंह यादव, अरूणेश पाण्डेय, रामनरेश पटेल, नंद किशोर पाल, डा. अमित पाल, रामतीर्थ परमहंस, संदीप कुमार श्रीमाली, आसिफ मकसूद एडवोकेट, सुरिज पाल रावत, रणधीर सिंह यादव, सुरेश कुमार दिवाकर, सुनील उमराव एडवोकेट, संगीता राज पासी, अंकित यादव, सुशील दोषी, निसार अहमद, सुघर लाल यादव एडवोकेट, रीता प्रजापति, योगेश कुमार एडवोकेट भी मौजूद रहे।

# डंपर ने साइकिल सवार युवक को कुचला, मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के बिन्दकी रोड में सोमवार की दोपहर साइकिल से जा रहे 36 वर्षीय युवक को तेज रतार डंपर ने रौंद दिया जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। पुलिस ने चालक को वाहन सहित हिरासत में ले लिया है।

जानकारी के अनुसार चौडगरा निवासी स्व0 धर्मेन्द्र सिंह का पुत्र श्याम किशोर दोपहर लगभग एक बजे साइकिल से किसी काम से जा रहा था। जब वह बिंदकी रोड पर पहुंचा तभी तेज रतार बेकाबू डंपर ने उसे जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद चालक वाहन लेकर भाग रहा था। तभी पुलिस ने उसे वाहन सहित चालक को हिरासत में ले लिया है। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना की जानकारी पोस्टमार्टम हाउस में चचेरे भाई मनीष सिंह ने दी है।

# सड़क हादसे में घायल युवक की उपचार दौरान मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। विगत एक पखवारा पूर्व बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के छीछा मोड़ के समीप चार पहिया वाहन की टक्कर से घायल हुए 18 वर्षीय युवक की इलाज के दौरान लखनऊ में सोमवार की सुबह मौत हो गई। बताते चलें कि ललौली थाना क्षेत्र के रेह गांव निवासी वीरेन्द्र सिंह का पुत्र आदित्य सिंह पांच अप्रैल को स्कूटी से अपनी मौसी प्रिया सिंह के यहां बिंदकी कोतवाली के नंदी खेड़ा गांव जा रहा था। तभी छीछा मोड़ के समीप चार पहिया वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दिया था। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए कानपुर के लिए रेफर कर दिया था। कुछ दिन इलाज के बाद परिजन उसे लेकर लखनऊ में उसका इलाज करवा रहे थे। सोमवार की सुबह लगभग आठ बजे युवक ने दम तोड़ दिया। परिजन शव लेकर गांव आ गए और सूचना पुलिस को दे दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# जिला उद्योग व्यापार मंडल की नई जिला कार्यकारिणी घोषित

### - नगर व कस्बों के चुनाव हेतु मुख्य व सह चुनाव अधिकारी चयनित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला उद्योग व्यापार मण्डल पंजीकृत की बैठक हरिहरगंज स्थित एक होटल में संपन्न हुई। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष रविप्रकाश दुबे के साथ प्रदेश प्रवक्ता धीरेन्द्र सिंह उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष सुशील गुप्ता उर्फ़ कल्लू लोहिया लोहा कोठी बिन्दकी क़ी अध्यक्षता में नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष किशोर चंद्र पुरवार फतेहपुर को बनाया गया जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी पांच लोगो को दी गई जिसमें सिद्धार्थ सिंह बिन्दकी, रामज़ी गुप्ता बिन्दकी, अनिल कुमार कपाड़िया बिन्दकी, प्रकाश सिंह फतेहपुर, मोईन



चौधरी फतेहपुर, जिला महामंत्री सरदार वरिन्दर सिंह बनाए गए व जिला सयुक्त महामंत्री बिन्दकी के जितेंद्र सिंह चंदेल ज़ी को बनाया गया। अब जिला कोषाध्यक्ष कार्यभार विवेक श्रीवास्तव फतेहपुर देखेंगे। उनके साथ सहकोषाध्यक्ष रामचंद्र गुप्ता होंगे। जिला मंत्री पद पर पांच लोगो की नियुक्ति हुई। जिसमें अजीत सिंह राठौर बिन्दकी, अनुपम लोहिया बिन्दकी, नितेश सिंह बिन्दकी, रामबाबू गुप्ता फतेहपुर, भरत गुप्ता फतेहपुर बनाए गए। साथ ही जिला संगठन मंत्री पद पर जिन पांच व्यापारियों की नियक्ति हुई है उनमें अतुल सिंह गौड़ बिन्दकी, प्रभाकर द्विवेदी फतेहपुर, बीरेंद्र साहू फतेहपुर, निजामुद्दीन फतेहपुर, अरुण सोनी क़स्बा गाजीपुर फतेहपुर, जिला उद्योग व्यापार मण्डल (पंजी.) के भविष्य में नगर व कसबो के चुनाव हेतु चुनाव अधिकारी के रूप में राजकुमार मिश्रा फतेहपुर मुख्य चुनाव अधिकारी, बद्री बिशाल गुप्ता व मोहम्मद अकरम का सह चुनाव अधिकारी के रूप में चयन हुआ। सरदार गोबिंद सिंह को जिला प्रचार मंत्री का पदभार दिया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश उपाध्यक्ष ने अपने कर्तव्यों के निर्वहन करने व उज्जवल भविष्य की कामना की। अंत में जिलाध्यक्ष ने अवगत कराया कि समस्त नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह क़स्बा बिन्दकी में आयोजित होगा। जिसकी तिथि व समय की जानकारी एक सप्ताह में दी जाएगी।

## अदालती नोटिस

न्यायालय सिविल जज जू0डि0 एफ0टी0सी0 महिलाओ के विरूद्ध

अपराध से सम्बन्धित न्यायालय फतेहपुर

वाद सं0–4065 सन–2025

प्रतिमा सिंह बनाम सुरेन्द्र सिंह यादव आदि

प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा–12 घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 थाना हथगाम जिला–फतेहपुर

हरगाह प्रतिमा सिंह ने आपके नाम नालिश अदालत में दायर किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 04 माह 04 सन् 2026 ई० बवक्त 10 बजे दिन के असाल्तन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूर व अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो तो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा को करे और आपको लाजिब है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करे, जिस पर बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तेमाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी के आपके खिलाफ होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदातल के आज बतारीख 28 माह 04 सन 2026 ई० जारी किया गया।

मुन्सरिम न्यायालय सिविल जज जू0 डि0 एफ0 टी0 सी0 महिलाओ के वि0 अपराध से सम्बन्धित न्यायालय फतेहपुर।

# शराबी की पिटाई से क्षुब्ध पत्नी ने कुएं में लगाई छलांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। चांदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गोंदहा में रविवार की दोपहर शराबी पति ने 45 वर्षीय पत्नी को बुरी तरह पीट दिया जिससे क्षुब्ध होकर उसने पास में स्थित कुएं में छलांग लगा दी। घायलावस्था में उसे निकालकर अस्पताल ला रहे थे तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गोंदहा गांव निवासी धर्मपाल शराब पीने का आदी है। आए दिन घर का सामान बेंचकर शराब पीता था। इसका विरोध जब पत्नी मीरा करती थी तो उसे बेरहमी से पीटता था। रविवार की दोपहर नशे में धुत होकर आया और गेहूं लेकर बेंचने जा रहा था। पत्नी ने रोका तो उसकी जमकर पिटाई कर दी। जिससे क्षुब्ध होकर पत्नी ने पास में स्थित कुएं में छलांग लगा दी। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। पुलिस ने महिला को कुएं से निकलवाने का प्रयास किया और उसे गंभीर हालत में बाहर निकाला गया। उपचार के लिए सदर अस्पताल ला रहे थे। तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शराबी पति को हिरासत में ले लिया है।

# डाउनलोड करें ऐप, स्मार्ट मीटर पर रखे नज़र

### - एडवांस बिल भुगतान के साथ जाने रोज़ की बिजली खपत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। विद्युत विभाग के उपभोक्ता अपने मोबाइल फोन में ऐप के माध्यम से अपने स्मार्ट मीटर के लेन–देन बिल भुगतान और हर रोज़ की बिजली खपत पर नज़र रख सकते हैं। इसके लिए उपभोक्ताओं को गूगल प्ले में यूपीपीसीएल के स्मार्ट कंज्यूमर ऐप डाऊनलोड करना होगा जिसकी सहायता से उपभोक्ता हर रोज़ खपत होने वाली बिजली एवं बिल भुगतान की पूरी जानकारी रख सकेंगे। साथ ही बताया कि स्मार्ट मीटर संबंधी शिकायतों के निस्तारण के लिए वह तीन सदस्यीय कमेटी बनायेंगे, जिसमें उपभोक्ताओं की समस्याओं का जल्द निवारण किया जा सकेगा। उक्त बातें विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता अनिल वर्मा ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही।

सोमवार को वीआईपी रोड स्थित विभाग के कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए अधीक्षण अभियंता अनिल वर्मा ने बताया कि विद्युत बिल संबंधी शिकायतों को देखते हुए विभाग की ओर से ऐप लांच किया गया है जिसके माध्यम से उपभोक्ता अपने विद्युत बिल एडवांस जमा राशि के अलावा प्रतिदिन खर्च हुई बिजली का हिसाब भी देख सकते हैं। एसई के अनुसार अभी तक उपभोक्ताओं को मीटर रीडर के गलत बिलिंग करने पर भी बढ़ा हुआ भगतान करना पड़ता था या फिर बिल ठीक कराने के लिए विभाग में बार बार चक्कर लगाना पड़ता था। अब उपभोक्ताओं को अपने मोबाइल पर ऐप डॉउनलोड करना होगा। रोज़ के बिजली खर्च और बैलेंस की जानकारी मिलेगी। साथ ही बिजली के बढ़ते बिल पर रोक लगाने के लिए बिजली बचाने में भी मदद मिलेगी। प्रत्येक पंद्रह मिनट का अपडेट मिल सकेगा।

### ऐसे करें ऐप डाउनलोड

विद्युत उपभोक्ता ऐप डाउनलोड करने के लिए अपने मोबाइल फोन पर प्ले स्टोर के माध्यम से यूपीसीएल स्मार्ट कंज्यूमर ऐप डाउनलोड करना होगा ऐप हिंदी व अंग्रेज़ी दोनों भाषाओं में उपलब्ध होगा। मीटर से लिंक मोबाइल नंबर से लॉगिन करे ओटीपी को वेरिफाई करें।

### टैरिफ में मिलेगी छूट

ऐप डाउनलोड करने वाले उपभोक्ताओं को टैरिफ में दो प्रतिशत की छूट मिलेगी। ऐप वाले उपभोक्ताओं को मीटर का बैलेंस खत्म होने की दशा में काटी गई लाइट दोबारा दो घंटे में चालू हो सकेगी।

### ऐसे करें आनलाइन रिचार्ज

यूपीपीसीएल की वेबसाइट पर जाकर कंज्यूमर कार्नर फिर स्मार्ट मीटर प्रीपेड रिचार्ज चुने अकाउंट आईडी और कैप्चा दर्ज



करें फिर रिचार्ज करे। प्रोसीड करें फ़ी भुगतांन का बिकल्प चुनकर यूपीआई या पेटीएम में से कोई विकल्प चुने।

# नाती के मुंडन में आए नाना का तालाब में मिला शव

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। विगत पांच दिन पूर्व नाती के मुंडन संस्कार में आए 55 वर्षीय नाना का शव सोमवार की सुबह लोधीगंज स्थित तालाब से पुलिस ने मुहल्लेवासियों की सूचना पर षव को बाहर निकाल विच्छेदन गृह भेजा है। बताते चलें कि गाजीपुर थाना क्षेत्र के पखरौली गांव निवासी बृजलाल का पुत्र सोहन 16 अप्रैल को अपने नाती कार्तिक निवासी लोधीगंज के यहां मुंडन संस्कार में आया था। इसके बाद वह घर वापस नहीं पहुंचा। 18 अप्रैल को मृतक के पुत्र कमलेश ने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सोमवार की सुबह मुहल्लेवासियों ने पास के तालाब में शव उतराता देख इसकी सूचना क्षेत्रीय पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाला तभी वहां मौजूद कुछ लोगों ने मृतक को पहचानकर परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# युवक ने पेड़ पर फांसी लगाकर दी जान

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। खखरेरू थाना क्षेत्र के ग्राम कनपुरवा रिश्तेदारी में आए 35 वर्षीय युवक ने गांव के बाहर गन्ने के खेत के पास पेड़ पर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार असोथर थाना क्षेत्र के सरकंडी गांव निवासी स्व0 अब्दुल का पुत्र मो0 पीरू रिश्तेदारी में खखरेरू आया था। बताते हैं कि अज्ञात कारणों के चलते वह गांव से लगभग एक किलोमीटर दूर गन्ने के खेत के पास लगे चिल्वर के पेड़ के समीप पहुंचा और फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। हालांकि युवक द्वारा की गई आत्महत्या का कारण ज्ञात नही हो सका।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र अभिषेक कुमार का जन्म दिनांक 07.04.2004 को घर पर हुआ था। माता का नाम सविता है। अज्ञानतावश मेरे पुत्र का जन्म पंजीकरण रजिस्टर में नाम दर्ज नही हो सका था। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नही बना है। किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने के कारण उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी। सुरेश कुमार पुत्र भरोसा निवासी ग्राम जगन्नाथपुर पोस्ट मेवली बुजुर्ग विकास खण्ड तेलियानी जनपद फतेहपुर।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम राम लली वर्मा व राम लली दोनो ही है। आई0डी0बी0आई0 बैंक की मुख्य शाखा में मेरा खाता है जिसका न0 1060104000165198 है इस खाते में मेरा नाम राम लली दर्ज है जबकि राम लली व राम लली वर्मा दोनो ही नाम से मेरी पहचान है। राम लली वर्मा पत्नी श्री सोहन लाल वर्मा निवासिनी 253 लाल बहादुर शास्त्री मार्ग नासिरपुर शहर व जिला फतेहपुर।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मैं SADIKA TABASSUM ALIAS ARSHEEN सादिका तबस्सुम उर्फ़ D/O KHALIQ AHMAd JAFRi ने अपना नाम बदल कर ARSHEEN JAFRI, मकान नम्बर – 170, महाजरी फतेहपुर PO आबूनगर जिला फतेहपुर कर लिया है अब मुझे इसी नये नाम ARSHEEN JAFRi से जाना पहचाना व पुकारा जाए!

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र अंश पाण्डेय का जन्म दिनांक 20.10.2010 को घर पर हुआ था। माता का नाम रेखा पाण्डेय है। अज्ञानतावश मेरे पुत्र का जन्म पंजीकरण रजिस्टर में नाम दर्ज नही हो सका था। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नही बना है। किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने के कारण उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी। पंकज पाण्डेय पुत्र करूणा शंकर पाण्डेय निवासी नउवाबाग भरहरा (बकन्था) ब्लाक तेलीयानी जनपद फतेहपुर।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र प्रतीक का जन्म दिनांक 18.10.2017 को घर पर हुआ था। माता का नाम सुनीता देवी है। अज्ञानतावश मेरे पुत्र का जन्म पंजीकरण रजिस्टर में नाम दर्ज नही हो सका था। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नही बना है। किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने के कारण उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी। सुनीता देवी पत्नी रामदत्त शर्मा निवासी ग्राम जगन्नाथपुर पोस्ट मेवली विकास खण्ड तेलियानी जनपद फतेहपुर।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र दिपान्शू का जन्म दिनांक 07.11.2019 को घर पर हुआ था। माता का नाम सविता है। अज्ञानतावश मेरे पुत्र का जन्म पंजीकरण रजिस्टर में नाम दर्ज नही हो सका था। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नही बना है। किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने के कारण उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी। रोहित कुमार पुत्र सदा निवासी ग्राम जगन्नाथपुर पोस्ट मेवली विकास खण्ड तेलियानी जनपद फतेहपुर।

## सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरी दादी पारवती पत्नी स्व0 नरायन निवासिनी मेवली बुजुर्ग ब्लाक तेलियानी फतेहपुर की मृत्यु दिनाकं 10.08.2024 को घर पर हुई थी। अज्ञानतावश दादी की मृत्यु पंजीकरण रजिस्ट्रर में दर्ज नही करा सका था। प्रार्थी को मृत्य प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। मृत्य प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नही बना है। किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न होता है तो उसकी जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की होगी। पंकज कुमार पुत्र राजेन्द्र निवासी मेवली बुजुर्ग ब्लाक तेलियानी फतेहपुर।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )